दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 332 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | रविवार, 05 अक्टूबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों के आधार के लिए नहीं देना होगा एक भी रु.

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए सभी शुल्क माफ कर दिए हैं, जिससे लगभग 6 करोड़ बच्चों को लाभ होने की उम्मीद है। शुल्क की छूट पहले ही 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो चुकी है और एक वर्ष की अवधि के लिए लागू होगी। पांच साल से कम उम्र का बच्चा फोटो, नाम, जन्म तिथि, लिंग, पता और जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करके आधार के लिए नामांकन करते हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चे के फिंगरप्रिंट और आईरिस बायोमेट्रिक्स को आधार नामांकन के लिए कैप्चर नहीं किया जाता है क्योंकि ये उस उम्र में परिपक्व नहीं होते हैं। अब जब भी इन्हें अपना बायोमैट्रिक अपडेट कराना होगा तो एक भी रुपये की फीस नहीं लगेगी।

### जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी साने ताकाइची!

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** जापान के इतिहास में पहली बार एक महिला प्रधानमंत्री का पद संभालेगी. जापान में आयरन लेडी के नाम से मशहूर साने ताकाइची ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) के अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया है. इसलिए संभावना जताई जा रही है कि ताकाइची ही अगले प्रधानमंत्री का पद संभालेंगी. साने ताकाइची ने सत्तारूढ़ पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे और पर्यावरण मंत्री शिंजिरो कोइजुमी को हराया है. कोइजुमी को जापान के सबसे उदारवादी नेताओं में से एक माना जाता है। ताकाइची पहले भी कई बार जापान की राजनीतिक व्यवस्था में अहम भूमिका निभा चुकी हैं. वे पूर्व आंतरिक मामलों की मंत्री रह चुकी हैं।

## मोदी ने की नीतीश सरकार की सराहना, कहा

# कुछ लोग कर्पूरी ठाकुर का जननायक सम्मान 'चुराने की कोशिश में

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** चार अक्टूबर (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व शासन के दौरान ''तबाह हुई शिक्षा की स्थिति'' को राज्य से बड़े पैमाने पर पलायन का एक प्रमुख कारण बताया और हालात में सुधार लाने एवं राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की शनिवार को सराहना की। मोदी ने बिहार के लिए कई परियोजनाओं समेत युवा केंद्रित शिक्षा एवं कौशल विकास पहलों के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी परोक्ष निशाना साधा जिन्हें कांग्रेस के सदस्य अक्सर 'जननायक' कहते हैं। जननायक शब्द का इस्तेमाल ओबीसी



(अन्य पिछड़ा वर्ग) नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के लिए किया जाता रहा है। मोदी ने बिहार के लिए कई परियोजनाओं समेत युवा केंद्रित शिक्षा एवं कौशल विकास पहलों के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी परोक्ष निशाना साधा जिन्हें कांग्रेस के सदस्य अक्सर 'जननायक' कहते हैं। जननायक शब्द का इस्तेमाल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के लिए किया जाता रहा है।

मोदी ने गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोगों द्वारा ठाकुर से जुड़े सम्मान को ''चुराने'' के प्रयासों के प्रति बिहार के लोगों को सतर्क रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ठाकुर को जननायक की उपाधि 'सोशल मीडिया ट्रोल' ने नहीं दी बल्कि यह उनके प्रति लोगों के प्रेम का प्रतीक है।

मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने दिवंगत ओबीसी नेता को पिछले साल भारत रत्न से सम्मानित किया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार पर विशेष जोर देते हुए 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का शनिवार को अनावरण किया।

मोदी ने मुख्यमंत्री कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार सरकार ने राज्य के विकास के लिए नए संकल्प लिए हैं और पिछले 20 साल की तुलना में अगले पांच वर्ष में रोजगार पाने वाले लोगों की संख्या को दोगुना करने का निर्णय लिया है। राज्य में जारी विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पलायन के मुद्दे के जोर पकड़ने के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बिहार के युवाओं को राज्य में ही रोजगार मिले।

मोदी ने कहा कि जिस पेड़ की जड़ें सड़ चुकी हों, उसे पुनर्जीवित करना एक कठिन काम है और उन्होंने ''विपक्ष के कुशासन के दौरान बिहार की स्थिति'' की तुलना ऐसे ही एक पेड़ से की।

उन्होंने कहा कि सौभाग्य से बिहार के लोगों ने कुमार को शासन की जिम्मेदारी सौंपी और ''गठबंधन सरकार की पूरी टीम ने पटरी से उतरी व्यवस्था को बहाल करने के लिए सामूहिक रूप से काम किया।''

## 'बच्चों की मौत कफ सिरप से नहीं'

# राजस्थान के चिकित्सा मंत्री बोले- जांच में सही पाई गई खांसी की दवा

**राजस्थान में कफ सिरप पीने से बच्चों की तबीयत खराब होने का सिलसिला जारी है। विवादित कंपनी के विवादित कफ सिरप पीने के बाद जयपुर के जेके लोन अस्पताल में एक और बच्चे की मौत हो गई है। अब तक राजस्थान में तीन बच्चों की मौत और करीब 35 बच्चे बीमार हुए हैं।**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** राजस्थान में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामले पर उठे विवाद के बीच चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने शनिवार को बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि राजस्थान में किसी भी बच्चे की मौत कफ सिरप से नहीं हुई है. जिन बच्चों की मौत हुई, वे पहले से ही गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे.

मंत्री खींवसर ने जोधपुर सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जिन बच्चों की मृत्यु हुई, उनमें से एक को मस्तिष्क ज्वर (एनसेफेलाइटिस) था, जबकि दूसरे को रेस्पिरेट्री इन्फेक्शन था. उन्होंने कहा कि सरकार ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया, दवा की लैब जांच करवाई गई है और रिपोर्ट में यह दवा सुरक्षित और मानक पाई गई है. हालांकि, जब पत्रकारों ने उनसे सवाल किए कि





बाजार में बिक रही अन्य खांसी की दवाओं पर क्या जांच या कार्रवाई होगी, तो मंत्री खींवसर असहज नजर आए. वे कई बार अपने पास बैठे अधिकारियों से जानकारी पूछते दिखे. आखिरकार उन्होंने कहा कि विभाग सैंपलिंग करवा रहा है, और यदि कहीं अनियमितता पाई गई तो सख्त कार्रवाई होगी. करीब 11 मिनट तक चली प्रेस कॉन्फ्रेंस को वे जल्दी समाप्त कर रवाना हो गए.

दरअसल, राजस्थान में कफ सिरप से कथित रूप से तीन बच्चों की मौत के बाद 28 सितंबर को सरकार ने इस सिरप की आपूर्ति पर रोक लगा दी थी. जांच के बाद जब दवा में किसी तरह की मिलावट या तकनीकी त्रुटि नहीं पाई गई, तब मंत्री पहली बार मीडिया के सामने आए।

### 'बड़ों की दवा बच्चों को देने से नुकसान'

मंत्री खींवसर ने कहा कि कई बार बड़ों के लिए बनी दवाइयां बच्चों को दे दी जाती हैं, जिससे नुकसान होता है. उन्होंने कहा, "इस मामले में भी ऐसा ही प्रतीत हुआ है. अब हम नई व्यवस्था लागू कर रहे हैं जिसमें हर दवा पर यह स्पष्ट रूप से लिखा जाएगा कि वह गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए उपयुक्त है या नहीं"।

### 'डॉक्टर ने नहीं लिखी थी दवा, सरकार में लापरवाही नहीं'

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग के किसी डॉक्टर ने यह दवा नहीं लिखी थी. एक जगह पर नर्सिंग कर्मी और फार्मासिस्ट ने यह दवा दी थी, वह मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है. सरकार की इसमें कोई लापरवाही नहीं है उन्होंने बताया कि जांच के दौरान विभागीय अनियमितताओं को देखते हुए ड्रग कंट्रोलर राजाराम को निलंबित किया गया है. राज्य में हर दवा की चार स्तरों पर जांच होती है और विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसी भी स्तर पर मिलावट या गुणवत्ता में कमी न रहे।

## राजस्थान में भ्रष्ट अफसरों पर गाज 2 RAS अधिकारी सस्पेंड, 5 कार्मिकों की पेंशन रोकी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार सरकारी काम-काज में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की भावना के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में राजकीय कार्य के निष्पादन में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार के दोषी कार्मिकों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। राजकीय सेवाओं में अनुशासन और ईमानदारी के लिए सर्वोपरि स्थान सुनिश्चित करने के क्रम में राज्य सरकार द्वारा कुल 15 प्रकरणों में 28 कार्मिकों के विरुद्ध विभिन्न अनुशासनात्मक कार्यवाहियां की गई हैं। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को रिश्वत लेने एवं नियम विरुद्ध कार्य करने के प्रकरणों में मुख्यमंत्री के निर्देश पर निलम्बित किया गया है। साथ ही, चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के एक अन्य मामले में उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार के विरुद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अंतर्गत आरोप पत्र जारी कर विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई है।

इसी प्रकार, सेवा से निरंतर अनुपस्थित रहने एवं राजकीय कार्य में लापरवाही करने के आधार पर एक कार्मिक को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की अनुशंसा को भी अनुमोदित किया गया है।

### 13 अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति

अभियोजन स्वीकृति के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए तीन प्रकरणों में कुल 13 अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा, भ्रष्टाचार के दो मामलों में न्यायालय से दोषसिद्ध पाए गए अधिकारियों की शत-प्रतिशत पेंशन रोकने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, राज्यपाल द्वारा अनुमोदित तीन अन्य प्रकरणों में 5 अधिकारियों की समानुपातिक पेंशन राशि रोकने का दंड दिया गया है।

## भारत ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हराया, जडेजा-सिराज चमके



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** रवींद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया। भारत ने दिन के खेल की शुरुआत से पहले अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 448 रन पर घोषित की थी और 286 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। वेस्टइंडीज की टीम पूरे दो सत्र भी बल्लेबाजी नहीं कर सकी और उसकी दूसरी पारी 146 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने इस तरह दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। भारत के लिए अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इस मैच में बल्ले के बाद गेंद से भी दम दिखाया। जडेजा ने पहली पारी में नाबाद शतक लगाया था और दूसरी पारी में उन्होंने चार विकेट लिए। जडेजा का साथ सिराज ने निभाया और वह तीन विकेट अपने नाम करने में सफल हुए। वहीं, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने दो और वाशिंगटन सुंदर को एक विकेट मिला। जसप्रीत बुमराह दूसरी पारी में एक भी सफलता हासिल नहीं कर सके।

इस मैच में वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दोनों पारी में खराब रही और तीनों दिन भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में एलिका अथानाजे ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने 25, जेडन सील्स ने 22, जोहान लेन ने 14, जॉन कैंबेल ने 14, तेगनारायण चंद्रपॉल ने 8, ब्रेंडन किंग ने 5, रोस्टन चेज ने 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए। वहीं, खैरी पियरे 13 रन बनाकर नाबाद लौटे।

जडेजा ने जोहानन लेन को आउट कर वेस्टइंडीज को नौवां झटका दिया है। भारत अब जीत से एक विकेट दूर है। वेस्टइंडीज ने 122 रन के स्कोर पर अपना नौवां विकेट गंवा दिया है और वह फिलहाल भारत से 164 रन पीछे चल रहा है। जडेजा को इस पारी की चौथी सफलता मिली है।

## बिहार चुनाव में कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक: अशोक गहलोत को मिली बड़ी जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने बड़ा दांव खेला है। पार्टी ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सबसे अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। उनके साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी को भी चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। कांग्रेस आलाकमान का मानना है कि गहलोत का लंबा राजनीतिक अनुभव और चुनावी रणनीतियों में पकड़ बिहार में पार्टी के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी के.सी. वेणुगोपाल की तरफ से पत्र जारी करके यह जानकारी साझा की गई है।



# भगवान परशुराम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा (कमलेश अग्रवाल )।** विप्र सेना सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी के स्मारक पर आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन हवन-पूजन के साथ भगवान परशुराम जी की मूर्ति की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान की मूर्ति का सहस्त्र जलधारा अभिषेक किया तथा दूध, दही, शहद और घी से पूजन-अभिषेक कर श्रद्धा भाव प्रकट किया। आगामी 5 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा का आयोजन अनंत श्री विभूषित जगदगुरु श्री निम्बरकाचार्य पीठाधीश्वर श्री श्यामशरण देवाचार्य जी श्री श्रीजी महाराज के सानिध्य में होगा। कॉलेज ग्राउंड में महाराज एवं अतिथियों का उद्घोषण किया जाएगा, जिसमें हजारों ब्राह्मण समाज के लोग शामिल होंगे। इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहन मिलता है।

# अजमेर, अखिल भारतीय बैरवा महासभा के चुनाव 5 अक्टूबर को

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के केकड़ी, में 04 अक्टूबर अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री पदों के लिए चुनाव लिए 5 अक्टूबर रविवार को केकड़ी में किया जाएगा मतदान। चुनाव पर्यवेक्षक श्याम लाल बैरवा ने बताया कि मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक प्रेम मैरिज गार्डन, अजमेर-जयपुर बाईपास, दंड के रास्ते के पास केकड़ी में होगा। इस दौरान केकड़ी मैं होने वाले आयोजित मतदान केंद्र पर अजमेर, भीलवाड़ा, ब्यावर, चित्तौड़, उदयपुर, जोधपुर व राजसमंद जिलों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

*चुनाव प्रक्रिया की हुई तैयारियां पूर्णः*

केंद्र प्रभारी डॉ. रामदयाल बैरवा के अनुसार मतदान के लिए आवश्यक, आधार कार्ड, पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे पहचान संबंधी दस्तावेज अनिवार्य है। चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान दल के अधिकारी केंद्र पर पहुंच चुके है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कालूराम बैरवा, भागचंद बैरवा, अमरचंद बैरवा, नारायण लाल बैरवा, रामचन्द्र बैरवा, पार्षद कुंदन देतवाल, सीताराम बैरवा, रमेश बैरवा, मेवालाल बैरवा व रामप्रसाद बैरवा सहित चुनाव प्रबंध समिति के पदाधिकारी मौजूद रहें।

# आर्यिका सिद्धिश्री माताजी ने दिया श्रद्धा और विवेक के संतुलन का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों अध्यात्म, साधना और आत्मचिंतन का पावन केंद्र बना हुआ है। परम पूज्य गणिनी प्रमुख आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी एवं आर्यिका श्री 105 विनयश्री माताजी (संघ सहित) के सान्निध्य में 13 पिच्छियों का चातुर्मास उत्सव धार्मिक अनुशासन, गरिमा और भक्ति भाव से जारी है। शनिवार प्रातः 6 बजे आर्यिका विभाश्री माताजी ने विज्ञान नगर जैन मंदिर से कुन्हाड़ी जैन मंदिर की ओर मंगल विहार किया। कई जैन धर्मावलम्बी उनके साथ विहार में रहे। उनके विहार मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और पादपक्षालन किया। अपने प्रवचन में गणिनी प्रमुख आर्यिका सिद्धिश्री माताजी ने तत्वार्थ सूत्र के छठे अध्याय की व्याख्या करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति की श्रद्धा और मनोयोग स्थिर नहीं है, तो धार्मिक क्रियाओं का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता। श्रद्धा, विवेक और क्रियाशीलता — ये तीनों गुण जब एक साथ होते हैं तभी हिंसा आदि पाँच पापों का त्याग और धर्म साधना सार्थक होती है। आर्यिका शुभश्री माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देव, शास्त्र, गुरु और पंच परमेष्ठी ही वास्तविक शरण हैं।

## कृषि मंत्री डॉ. मीणा का हुआ गर्मजोशी से स्वागत

# विधायक कृपलानी ने निम्बाहेड़ा क्षेत्र में खाद की उपलब्धता के बारे में दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा(नि.स.)।** शनिवार को राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के प्रतापगढ़ जाने के दौरान अल्प प्रवास पर निम्बाहेड़ा आगमन पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं तथा मीणा समाज के प्रतिनिधियों ने वण्डर सीमेंट के गेस्ट हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा का माल्यार्पण, उपरना ओढाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। विधायक श्रीचंद कृपलानी ने इस दौरान निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने की समस्या से मंत्री डॉ. मीणा को अवगत करवाया। कृपलानी ने बताया कि इस समय रबी फसलों की तैयारी का समय चल रहा है, और क्षेत्र के किसानों को उर्वरक की कमी से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक कृपलानी के आग्रह पर कृषि मंत्री डॉ. डॉ. मीणा ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए अतिरिक्त खाद का विशेष आवंटन शीघ्र किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मंत्री डॉ. मीणा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है, और समय पर खाद, बीज तथा अन्य कृषि इनपुट की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से भी आग्रह किया कि किसानों की समस्याओं की जानकारी समय पर प्रशासन तक पहुँचाएं ताकि त्वरित समाधान किया जा सके।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, चित्तौड़गढ़ जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पंस निम्बाहेड़ा प्रधान बगदीराम धाकड़, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, जिला मंत्री शौकीन चपलोत, पारस विरवाल, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बुनकर, ग्रामीण महामंत्री राजेश धाकड़, नगर उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़, मंत्री कैलाश सेन, आशीष बोड़ाना, रतन वैष्णव, प्रवक्ता मानवेन्द्र सिंह चौहान, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक दीपक अग्रवाल, भाजयुमो नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, ग्रामीण महामंत्री सोनू झंवर, एसटी मोर्चा के रतन मीणा, प्रकाश मीणा, राजेश मीणा, दिनेश मीणा, समाज के पृथ्वीराज मीणा, बद्रीलाल रावत, जयसिंह मीणा, बाबूलाल मीणा, विष्णु मीणा, महेंद्र मीणा, विक्रम मीणा आदि सहित जिला पदाधिकारी, नगर एवं पंचायत प्रतिनिधि, मीणा समाज के वरिष्ठजन सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'बालिकाओं को सशक्त बनाना हमारा दायित्व हैं'

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही(नि.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती सावित्री आनंद निर्भिक ने कहा कि बालिकाएं समाज की सबसे मजबूत नींव हैं। जिन्हें शिक्षा और आत्मविश्वास के माध्यम से सशक्त बनाना हर व्यक्ति का दायित्व है। वे राजकीय देवनारायण आदर्श बालिका आवासीय विद्यालय (कोलर) में बालिका सशक्तीकरण, शिक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहीं थीं।

उन्होंने बालिकाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करते हुए निरंतर शिक्षा प्राप्त करती रहें। वे किसी भी कठिन परिस्थिति में हार नहीं मानें। हर शिक्षित बालिका न केवल अपने परिवार का भविष्य संवारती है, बल्कि पूरे समाज के उत्थान को दिशा देती है।

अधिकारों के प्रति जागरूक रहें

इस दौरान परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी अशोककुमार बिश्नोई ने कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। साथ ही शोषण, अत्याचार एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया। कन्हैयालाल ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि पर जानकारी दी। उप प्रधानाचार्य सुधीरपाल सिंह देवड़ा, कुसुम बानो, त्रिदेव वैष्णव, मनोहरसिंह, प्रिंससिंह, बाबूलाल, दिलीप धवल, किशन देवासी आदि मौजूद रहे। बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ ली कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारिता विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं, प्राधिकरण सचिव ने बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। बालिकाओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं बाल विवाह से दूर रहेंगी, बल्कि अपने आसपास भी इस कुरीति के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगी।

# मोबाइल टॉवर से बैटरियां चुराने वाला गैंग गिरफ्त में



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** मोबाइल टॉवर से बैटरियां चुराने वाली गैंग का राजफाश करते हुए सदर थाना पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सिरोही व जोधपुर जिले में इस तरह की कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

पुलिस के अनुसार टॉवर कंपनी के तकनीशियन शिवपाल सिंह पुत्र भंवरसिंह की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। इसमें बताया था कि पालड़ी आर स्थित उसकी कंपनी के मोबाइल टॉवर का ताला तोड़ कोई बैटरियां चुरा ले गया। पुलिस ने जांच करते हुए इस मामले में जोधपुर जिलान्तर्गत सुखमंडला निवासी रावलसिंह पुत्र अमानसिंह व पीलवा निवासी खेतसिंह पुत्र रामसिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया।

पिकअप वाहन में घूम रहे थे

थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस टीम को एक पिकअप वाहन संदिग्ध अवस्था में जाते मिला। इसमें मिले दो जनों से पूछताछ कर संदेह के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में इन युवकों ने वारदातों को स्वीकार कर लिया।

कई वारदातों को अंजाम दिया

गिरफ्तार आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वे अन्य जगहों पर भी चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पालड़ी एम थानान्तर्गत बागसीन व वेराविलपुर तथा जिला जोधपुर में ओसियां, लोहावट, देचू, सामराउ व आस-पास के विभिन्न स्थानों पर मोबाइल टॉवर से बैटरियां चोरी करना स्वीकार किया।

बड़ी मशक्कत से हाथ लगी गैंग

मोबाइल टॉवर से बैटरियां चोरी मामले की गैंग को पकडऩे में पुलिस को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इसमें सदर थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक नारायणसिंह, चालक जगदीशकुमार व कांस्टेबल पुष्पेन्द्रकुमार की विशेष भूमिका रही। टीम में सहायक उप निरीक्षक विक्रमसिंह, हैड कांस्टेबल खीमसिंह, जगदीशप्रसाद, कांस्टेबल डूंगरसिंह, आसूलाल शामिल रहे।

# सफलता की कहानी: बदला ग्राम पंचायत में शुरू हुआ 'प्लास्टिक लो, शक्कर ले जाओ' अभियान



बढ़ता राजस्थान

**कोटड़ी (नि.स.)।** पंचायत समिति कोटड़ी की ग्राम पंचायत बड़ला में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक अनूठी पहल की गई। प्रधान करण सिंह बेलवा और प्रभारी अधिकारी रामबिलास मीणा के नेतृत्व में प्लास्टिक लो, शक्कर ले जाओ अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बदला में प्लास्टिक संग्रह केंद्र स्थापित किया गया और ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान इस अभियान का शुभारंभ हुआ। भामाशाहों द्वारा 51 किलो शक्कर प्रदान की गई। अभियान के पहले ही दिन ग्रामीणों ने 11 किलो प्लास्टिक एकत्रित की, जिसके बदले 11 किलो शक्कर वितरित की गई।

स्कूल के बच्चों ने भी प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर इस पहल में भाग लिया। उनके योगदान के बदले विकास अधिकारी द्वारा पेन, पेंसिल और कॉपियां भेंट की गईं। शिविर प्रभारी ने ग्रामवासियों को बताया कि प्लास्टिक थैलियां पशुओं के लिए हानिकारक हैं, क्योंकि इन्हें खाने से कई मवेशी बीमार होकर मर जाते हैं। साथ ही, ये थैलियां नालियों को जाम कर गंदगी फैलाती हैं और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाती हैं। इस अभियान से न केवल प्लास्टिक प्रदूषण पर रोक लगेगी, बल्कि पर्यावरण और मवेशियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

इस अभियान के तहत प्रत्येक माह की 5 और 20 तारीख को सभी परिवार अपने घरों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर पंचायत में जमा करेंगे और उसके बदले में शक्कर प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी श्याम सुंदर पारिक, कनिष्ठ सहायक गणेश लाल जाट, प्रशासक शिवराज जाट सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अजमेर के बिजयनगर मे वोट चोरी गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** बिजयनगर मे नगर कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मसूदा व भिनाय कांग्रेस का वोट चोरी के खिलाफ व लोकतंत्र को बचाने के लिए सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा पदैल मार्च कर बैठक आयोजित की गई। बैठक मे भाजपा की नीतियो का विरोध करते हुए किसान फसल का मुआवजा, स्मार्ट मीटर का विरोध व युवाओं का युद्ध - नशे के विरुद्ध जैसे मुद्दे बैठक मे उठाये गये। वहीं पूर्व विधायक राकेश पारीक ने बीजेपी की रीति और नितियों से आमजन को रूबरू कराया, और बीजेपी के झूठे वादे के बारे में बताया गया।

# हिण्डौन कस्बे में बाईपास निर्माण को लेकर बैठक 8अक्टूबर को...

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** मण्डरायल-करौली-हिण्डौन-महवा सडक एस.एच. 22 से गंगापुर-हिण्डौन-बयाना-भरतपुर सडक एस.एच. 01 का निर्माण किये जाने के प्रयोजन हेतु भूमि अर्जन पुनर्वासन पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता अधिनियम 2013 के तहत सामाजिक समाघात अध्ययन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के कम में 08अक्टूबर 025 समय प्रातः 11 बजे स्थान उपखंड कार्यालय हिण्डौन के मीटिंग हॉल में जनसुनवाई का कार्यक्रम रखा गया है।एसडीएम हेमराज गुर्जर ने बताया कि उक्त प्रकरण की जनसुनवाई में ग्राम- हिण्डोन, मुकन्दपुरा, तिगरिया का पुरा, एकोरासी के सभी प्रभावित खातेदार उपस्थित होंगे।

# 69वी राज्य स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज,

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जारी 69वीं राज्य स्तरीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता में शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता संयोजक प्रकाशचंद धाकड़ और प्रतियोगिता मीडिया प्रभारी पंकज जैन ने बताया कि 17 वर्षीय आयु वर्ग में दूसरा सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में चूरू वर्सेज सीकर की टीमों बीच कड़ी टक्कर हुई,जिसमें सीकर ने चुरू को 1 पारी और 5 अंक से हराकर फाइनल में जगह बना ली।वहीं 19 वर्षीय आयु वर्ग में दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बीकानेर वर्सेज हनुमानगढ़ के बीच कड़ी टककर के बीच खेला गया,जो कि बराबर अंक आने की वजह से टाइ रहा फिर दोनों टीमों को 9-9 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जिसमें 8-5 के अंतराल में 3 अंक से हनुमानगढ़ ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

प्रतियोगिता के दौरान पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष हेमराज नागर,नगर पालिका चेयरमेन पति महेंद्र नागर,व्यापार मण्डल नैनवा अध्यक्ष अनिल मित्तल,एडीईओ (मा.) प्रहलाद शर्मा व उप जिला शिक्षाअधिकारी बूंदी शारीरिक शिक्षा राज बहादुर भंसाली,उपजिला शिक्षा अधिकारी कोटा संभाग शिवराज चैधरी,उपजिला शिक्षा अधिकारी कोटा सूरजकरण बढ़गोतिया,बीओबी मैनेजर शैलेश पाटनी,शारीरिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष शिवराज खींची,अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल,मुकेश जोशी,सुगन चंद मीणा ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबला आज-कंट्रोल रूम से गुरुदत्त शर्मा,रविदत्त गौतम,अंजार अहमद ने बताया कि 17 वर्षीय मे हनुमानगढ़ - सीकर और 19 वर्षीय आयु वर्ग में फाइनल मुकाबला जयपुर वर्सेज हनुमानगढ़ के बीच रविवार सुबह होगा।

छात्राओं व स्टाफ के लिए विद्यालय प्रांगण में ही शहर के भामाशाहो द्वारा चाय,नाश्ता,भोजन पानी की पूरी व्यवस्था लगातार की जा रही है।शनिवार सुबह का नाश्ता बीओबी मैनेजर शैलेश पाटनी,सुबह का खाना दयाराम गुर्जर देवनारायण कंस्ट्रक्शन कंपनी व शाम का भोजन बरड़ा बालाजी समिति की ओर से करवाया गया।

# ग्राहकों को लुभा रहा है सोजतिया ज्वेलरी फेस्ट

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** सोजतिया ज्वेलर्स पर चल रहा पंद्रह दिवसीय सोजतिया ज्वेलरी फेस्ट ग्राहकों को खूब लुभा रहा है। ग्राहकों का कहना है कि एक ही छत के नीचे इतना शानदार और विविध कलेक्शन किसी फेस्ट में पहली बार देखने को मिला है। फेस्ट में ग्राहकों को अपनी मनपसंद ज्वेलरी आसानी से मिल रही है, जिसे वे हाथों-हाथ खरीदकर घर ले जा रहे हैं। यह फेस्ट 20 अक्टूबर तक चलेगा।

प्रोफेसर रणजीत सिंह सोजतिया ने बताया कि कम वजन, अधिक फैलावट यानी लाइट वेट ज्वेलरी सोजतिया के वर्कशॉप में विशेष रूप से तैयार कराई गई है, ताकि सोने के बढ़े हुए भावों के बावजूद ग्राहकों का बजट पहले की तरह संतुलित बना रहे।

सोजतिया ज्वेलरी फेस्ट में ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर-फेस्ट के दौरान ग्राहकों नेजितने ग्राम सोने की ज्वेलरी खरीदी है, ठीक उतने ही वजन के 99.9 सोजतिया मार्का शुद्ध चांदी के सिक्के बिल्कुल फ्री दिए जा रहे हैं। इस आकर्षक ऑफर से ग्राहकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

डॉ. महेंद्र सोजतिया ने बताया कि फेस्ट में रीजनेबल मेकिंग चार्जेज, लेटेस्ट डिजाइनर कलेक्शन और लाइटवेट ज्वेलरी की बड़ी रेंज उपलब्ध है, जिससे ग्राहक ज्वेलरी को हाथों-हाथ खरीद रहे हैं। फेस्ट का उद्देश्य ग्राहकों तक उत्तम गुणवत्ता, नवीन डिजाइन और पारंपरिक सौंदर्य का संगम ग्राहकों तक पहुँचाना है।

डॉ. धुरव सोजतिया ने बताया कि हमारी हमेशा यही कोशिश रहती है कि ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता प्रदान की जाए। भारत के विश्वसनीय रिटेल ज्वेलर अवार्ड तथा ऑथेंटिसिटी अवार्ड से सम्मानित सोजतिया ज्वेलर्स पर इन दिनों प्रदर्शित लेटेस्ट डिजाइनर कलेक्शन ग्राहकों का मन मोह रहा है।

नेहल सोजतिया ने बताया कि सोने के बढ़ते दामों को ध्यान में रखते हुए जड़ाऊ पोलकी में लाइटवेट ज्वेलरी का नया कॉन्सेप्ट प्रस्तुत किया गया है। इसके तहत पूरी कोशिश की गई है कि ग्राहकों को कम वजन में भी जड़ाऊ पोलकी का आकर्षक और डिजाइनर कलेक्शन उपलब्ध हो सकें।

कैबिनेट मंत्री कुमावत ने ग्राम पंचायत डरी के अनेक विकास कार्यों का किया लोकार्पण ,दो स्कूलों के टीन शैड भी किए लोकार्पित

# विकास कार्यों ही सौगात मिलने पर ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत पाली जिले के प्रवास के दौरान शनिवार को अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डरी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने पंचायत समिति मद से स्वीकृत ग्राम पंचायत डरी के गांव जबरगढ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीन शेड व विधायक मद से स्वीकृत राशि से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए टीन शेड का लोकार्पण किया। उन्होंने गोदावास में ही पंचायत समिति मद में स्वीकृत राशि से बने तालाब घाट का भी लोकार्पण किया।



**सडक़ के पेचवर्क कार्य का औचक निरीक्षण -**

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई सडक़ों के हो रहे पेचवर्क कार्यो का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गोदावास-कुलथाना रोड के बीच चले रहे सडक़ के पेचवर्क का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद कार्मिकों तथा अधिकारियों को भी गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध रूप से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

04 करोड़ 75 लाख की सडक़ों के लोकार्पण से जीवन होगा सुलभ- मंत्री कुमावत ने मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2023-24 में स्वीकृत 225 लाख रुपए की लागत से भांवरी से गोदावास तक पांच किमी. लंबी सडक़, इसी बजट वर्ष में डेढ करोड़ रुपए की लागत से डरी से गोदावास तक तीन किमी. लंबी सडक़ का लोकार्पण किया। इसी के साथ उन्होंने मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024-25 में स्वीकृत 75 लाख रुपए की राशि से डरी से मणिहारी तक 1.38 किमी. लंबी निर्मित सडक़ का लोकार्पण किया।

कुमावत ने सादलींगजी नाडा में जल संरक्षण हेतु पंचायत समिति मद से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार से अब विकास कार्यों में नई गति आ चुकी है। श्री कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा देश-प्रदेश के विकास कार्यों को लेकर बेहद संवेदनशील हैं, अब अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सडक़ों के लिए भी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने आमजन की परेशानियों को देखते हुए पहले ही अतिरिक्त बजट स्वीकृत कर दिया है। ऐसा होने से बारिश का दौर थमते हुए सडक़ों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया है।

स्थानीय सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द सडक़ों को दुरस्त किया जाए। श्री कुमावत ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र के विद्यार्थियों, ग्रामीणजनों और आमजन को सीधे लाभ मिलेगा। शिक्षा, जल संरक्षण और बेहतर सडक़ सुविधाओं के माध्यम से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली(बिल्लूराम सैनी)।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा जिले की दो विधानसभा कोटपूतली व बहरोड से लॉटरी में चयनित माटी कला से जुड़े कामगारों का 10 दिवसीय प्रषिक्षण शिविर का शनिवार को डाबला रोड़ पर श्री खाटू श्याम जी मटका भंडार में दक्ष छात्रावास के अध्यक्ष बस्तीराम प्रजापत मोरदा द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। षिविर में कामगारों ने अलग-अलग प्रकार के चाक पर मिट्टी के आईटम बनाकर अपनी कलाकृति दिखाई। शिविर प्रभारी राजेश प्रजापति पूतली ने बताया की श्रीयादे माटी कला बोर्ड की ओर से 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में चयनित कामगारों को दौसा के ट्रेनर शेरसिंह प्रजापत व स्थानीय ट्रेनर द्वारा माटी के अनेक प्रकार के डिजाईनों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा समिति हनुमानगढ़ कार्यक्रम आयोजक भानसिंह राठौड़ ने बताया की चयनित कामगारों को प्रशिक्षण के बाद श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा निःशुल्क बिजली के चाक व मिट्टी घुथने की मशीन (पगमिल मशीन) उपलब्ध करवाई जायेगी। इस दौरान धर्मपाल प्रजापत, गुलाबचंद प्रजापत, रामशरण ठेकेदार, गोकुलचंद प्रजापत, लालचंद कुम्हार, श्योराम प्रजापत, रामकरण मोरदा, राधाकृष्ण वर्मा, दयाराम प्रजापत, चिरंजीवी प्रजापत समेत अन्य मौजूद रहें।

# पल्स हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य वार्ता एवं योग सत्र का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**कोटपुतली(बिल्लूराम सैनी)।** पल्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में गवर्नमेंट सरदार सीनियर सेकेंडरी स्कूल,में किशोरी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत एक स्वास्थ्य वार्ता एवं योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

इस अवसर पर अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा कुमावत ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलावों, मासिक धर्म स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने छात्राओं को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता के बारे में भी अवगत कराया।

इसके साथ ही पल्स हॉस्पिटल के योगाचार्य रजत ने छात्राओं को योग एवं प्राणायाम के महत्व पर मार्गदर्शन दिया और दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लाभ बताए। उन्होंने छात्राओं को कुछ सरल योगासन भी सिखाए, जिससे उन्हें मानसिक शांति एवं शारीरिक स्फूर्ति प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत सहित विद्यालय स्टाफ अनजू यादव, आयशा मीणा, पिंकी आदि शिक्षकों एवं छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।विद्यालय प्राचार्य एवं प्रबंध समिति की ओर से पल्स हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. महेन्द्र सिंह पलसानिया का इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियों के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सही दिशा का बोध होता है।अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के किशोरी स्वास्थ्य जागरूकता एवं योग अभियान भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़े और विशेषकर किशोरियों को समय पर सही मार्गदर्शन मिल सके।

## बावड़ी बालाजी धाम में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर हुआ प्रारंभ



बढ़ता राजस्थान

**रींगस(हनुमान सिंह बुरानियां)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ रींगस का 5 दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर सत्र 2025-26 आज बावड़ी बालाजी मंदिर परिसर में प्रारंभ हुआ। संघ के सचिव विष्णु कुमार जोशी ने बताया कि स्थानीय संघ परिक्षेत्र की लगभग 20 राजकीय/ निजी विद्यालयों/ महाविद्यालयों के 150 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर का उद्घाटन प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर भागचंद बाजिया ने किया और अपने संबोधन में सभी प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन में रह कर स्काउट गाइड के रूप में राष्ट्र सेवा हेतु तत्पर रहने का आव्हान किया। शिविर में 5 दिवस तक योगासन, प्राथमिक चिकित्सा, पायनियरिंग विभिन्न प्रकार की गांठे, आपदा प्रबंधन,बिना बर्तनों के भोजन बनाना, ध्वज शिष्टाचार, कैंप फायर, एस्टीमेशन,अनुशासन, शिविर कला, शेल्टर बनाना, वॉच टावर बनाना, तारा मंडल का जान, कम्पास , चिन्हों और प्राकृतिक संकेतों से दिशा ज्ञान आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर घासीराम सैनी, राजेंद्र मौर्य, बीरबल वर्मा, सोहनलाल शर्मा, डॉ. ज्योति राजावत, सोनू कुमारी,सुमित शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## शुभम चौधरी ने सबसे अधिक वोट हासिल करते हुए स्पष्ट बढ़त के साथ जीत दर्ज की

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** कज़ाख नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल काउंसिल के स्टूडेंट डीन के पद के लिए हुए चुनाव में शुभम चौधरी ने सबसे अधिक वोट प्राप्त किए अल्माटी, कज़ाखस्तान स्थित कज़ाख़स्थान की सबसे बड़ी मेडिकल यूनिवर्सिटी कज़ाख नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल काउंसिल के स्टूडेंट डीन के पद के लिए चुनाव आयोजित किया गया। इस चुनाव में छात्रों की भागीदारी बेहद उत्साहजनक रही। बड़ी संख्या में इंटरनेशनल छात्रों ने अपने बहुमूल्य वोट डालकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया।

परिणाम कुल 1,730 वोट इंटरनेशनल छात्रों द्वारा डाले गए।

इनमें से 1,160 वोट (67प्रतिशत) शुभम चौधरी को मिले। .वहीं उनके प्रतिद्वंदी वरुण जिंदल को 32प्रतिशत (लगभग 554 वोट) प्राप्त हुए। शुभम चौधरी ने सबसे अधिक वोट हासिल करते हुए स्पष्ट बढ़त के साथ जीत दर्ज की। जानकारी के अनुसार शुभम, टीबा की ढाणी पलसाना सीकर राजस्थान के रहने वाले हैं ।

## खेत से उद्योग तक औषधीय पौधों और आयुर्वेद व्यापार में क्रांति लाने के लिए जयपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भारत में आयुर्वेदिक और हर्बल क्षेत्र के तीव्र विकास को देखते हुए इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट द्वारा 25-26 अक्टूबर 2025 को जयपुर के पंच सितारा होटल में'खेत से उद्योग तक : औषधीय पौधों और आयुर्वेद व्यापार में क्रांति लाने वाला राष्ट्रीय कार्यक्रम'आयोजित किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में किसानों, उद्यमियों और व्यापारियों को औषधीय पौधों की व्यावसायिक खेती,

गाय आधारित जैविक खेती, आयुर्वेदिक/हर्बल उत्पाद निर्माण, ब्रांड विस्तार और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुँच के बारे में गहन जानकारी दी जाएगी। प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत10 लाख से 2 करोड़ तक की सब्सिडी तथा भारत सरकार की सीसीटीएम योजना के तहत 5 करोड़ तक का लोन (बिना कोलेट्रल सिक्योरिटी)प्राप्त करने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी। प्रशिक्षण में 25+ वर्षों के अनुभव वाले विशेषज्ञ शामिल होंगे,

फील्ड विजिट और फ़ैक्ट्री विजिट कराई जाएगी तथा

प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। सीटें सीमित हैं और पंजीकरण जारी है।

## ज्योति नगर पुलिस एक माह बाद भी अभियुक्त को नहीं पकड़ पाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रिपोर्ट दर्ज नहीं करने और यदि किसी दबाव में दर्ज हो गई है तो उस पर कार्रवाई नहीं करने के पुलिस पर अक्सर आरोप लगते रहते है। आरोप यह भी लगता है कि पुलिस थाने में पीडि़त जाते है, पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं करती है तो वे कोर्ट से इस्तगासे के जरिए परिवाद दर्ज करवाते है। बावजूद इसके दोषियों को कोई दंड नहीं मिलता, बल्कि इसके विपरीत पीडि़त ही परेशान होते रहते है। कुछ इसी तरह का एक मामला ज्योति नगर पुलिस थाने का सामने आया। जहां पीडि़तों की रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं की गई। मजबूरन पीडि़तों को कोर्ट का सहारा लेना पड़ा और परिवाद दर्ज करवाया। बावजूद इसके एक माह बीत जाने के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते पीडि़त व्यथित है और आरोपित धड़ल्ले से खुलेआम घूमते हुए पीडि़तों को ही धमका रहे है। मामला छेड़छाड़, गाली गलोज और मारपीट का है। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक कठपुतली नगर निवासी 40 वर्षीय महिला ने यहीं के भरत मेघवाल पुत्र भंवर लाल पर आरोप लगाया कि पीडि़ता व उसकी पुत्रियों के साथ आरोपी भरत मेघवाल ने गाली-गलौज कर मारपीट की और अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। रिपोर्ट में बताया गया कि अभियुक्त भरत मेघवाल ने पीडि़ताओं को धमकी देते हुए कहा कि मैं क्षेत्रीय पार्षद हूं, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, मैं तुम्हारी सरकारी योजनाओं जिसका तुम लाभ ले रही हो सभी बंद करवा दूंगा। वहीं अभियुक्त ने गलत नियत से पीडि़ता की पुत्री के कपड़े फाड़ दिए और लात-घूंसों तथा डंडों से बुरी तरह मारपीट करता रहा। चीख-पुकार सुनकर परिवादिया के पति व आस पास के लोग इक_ा हो गए और उन्होंने अभियुक्त से महिला व उसकी पुत्रियों को छुड़ाया। घटना 2 सितम्बर 2025 की बताई गई है। वहीं अभियुक्त ने धमकी देते हुए कहा कि मैं वार्ड का पार्षद हूं, तुम्हे एससी के केस में फंसाकर जेल करवा दूंगा तथा तुम्हारी सभी सरकारी सेवाएं बंद करवाकर तुम्हारी जिन्दगी नर्क कर दूंगा।

## यह केवल प्रशासनिक सुविधा नहीं बल्कि ग्रामीण स्वराज की दिशा में बड़ा कदम - शेखावत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि पंचायत का अपना भवन होना चाहिए। यह केवल प्रशासनिक सुविधा नहीं, बल्कि ग्रामीण स्वराज की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह नया पंचायत भवन ग्रामीणों के लिए विकास योजनाओं का केंद्र बनेगा और प्रशासनिक कार्यों में सुगमता लाएगा।

जैसलमेर जिला स्थित भादरिया ग्राम पंचायत भवन के उद्घाटन अवसर पर श्री शेखावत ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद विकास कार्यों की गति तेज हुई है। कभी विकास में पीछे रहने वाला जैसलमेर आज देश के अग्रणी जिलों में शामिल हुआ है, जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनता के प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि विजयदशमी के अवसर पर प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया कि रावण दहन केवल उत्सव नहीं बल्कि आत्मावलोकन का अवसर है। इसी भावना से मोदी जी ने गरीबों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पंचायत भवनों की चारदीवारी, सडक़ों को डबल करने और ओरण जैसे आंदोलनों की प्रासंगिकता पर बल देते हुए उन्होंने जनभागीदारी को अहम बताया।

केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने ज्ञान संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक लाइब्रेरी और रिसर्च सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि देश में करोड़ों प्राचीन पांडुलिपियों और दुर्लभ पुस्तकों का डिजिटाइजेशन कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है।

## संसदीय कार्य मंत्री ने सरेचा में 204.5 लाख रूपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास-

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को जोधपुर जिले में पंचायत समिति लूणी की ग्राम पंचायत सरेचा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन किया। साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग और ग्राम पंचायत के 204.5 लाख रूपये के विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

पटेल ने कहा यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जन कल्याण और सुशासन के संकल्प को साकार करने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा लूणी के सडक़ तंत्र को विकसित बनाने के लिए अब तक 4 अरब से अधिक राशि के सडक़ निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

**'जीएसटी रिफॉर्म से आमजन को मिल रही प्रत्यक्ष राहत'**

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि केंद सरकार द्वारा लाये गये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दरों में कमी आई है जिससे आमजन को राहत मिली है। उन्होंने कहा जीएसटी की दरों में कटौती से देशवासियों को प्रति वर्ष लगभग 250 लाख करोड़ रूपये की प्रत्यक्ष बचत सुनिश्चित होगी।

### '91 हजार युवाओं को दी नियुक्ति'

श्री पटेल ने कहा हमारी सरकार ने 5 वर्ष में 4 लाख सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा इस लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अब तक विभिन्न रोजगार उत्सवों में 91 हजार युवाओं को नियुक्ति दी गई है और 1 लाख 54 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा वर्षों बाद ड्राइवर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों पर भी भर्ती की गई है।

### विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश-

संसदीय कार्य मंत्री ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को परंपरागत रास्ते जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है उन्हें रिकॉर्ड में दर्ज करने,फॉर्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने, पेंशन वेरिफिकेशन,एनएफएसए के तहत शत प्रतिशत ई- केवाईसी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### शिविर में विभिन्न स्टॉल्स का किया निरीक्षण-

श्री पटेल ने शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से योजनाओं और उनकी क्रियान्विति के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी ली। उन्होंने पीएम मातृ वंदना योजना की लाभार्थी श्रीमती कुसुम एवं श्रीमती सुमित्रा को कार्ड वितरित किए। टीबी मुक्त भारत के तहत पोषण किट का वितरण किया गया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान और हरियालो राजस्थान के तहत कार्यक्रम स्थल पर पौधारोपण किया।

## सम्पादकीय

# मनुष्य को मशीन न बनाए, कामकाज एवं सामान्य जीवन में संतुलन से ही होगा बेहतर कल का निर्माण

आजकल वर्क-लाइफ बैलेंस पर बहस जोर पकड़ती जा रही है। इस बहस में कुछ दिग्गज उद्योगपतियों के बयान हतप्रभ करने वाले हैं। हम जानते हैं कि कोविड जैसी आपदा से निपटने के बाद हम सभी ने बहुत मुश्किल से अपने कार्य और परिजनों के मध्य समय का संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया है, परंतु पिछले दिनों लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन ने हफ्ते में 90 घंटे काम करने का विचार रखा।

उन्होंने दांपत्य जीवन का मखौल उड़ाते हुए कहा कि आखिर आप कब तक अपनी पत्नी को निहारेंगे। उन्होंने रविवार के अवकाश को भी गैर-जरूरी बताया। लगता है कि उन्हें न तो मानव-प्रबंधन की पेशेवर समझ है और न ही उनके भीतर मानवीय संवेदनाएं हैं। शायद उनका भारतीय जीवन-पद्धति, जीवन-दर्शन के साथ-साथ मानव-प्रबंधन क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी कोई सराकोर नहीं। क्या वह मनुष्य को रोबोट से अधिक कुछ नहीं समझते? यह विडंबना ही है कि वह यह भी भुला बैठे कि रोबोट को भी देखभाल और रीचार्जिंग की आवश्यकता होती है। कामकाजी घंटों की बहस कुछ समय पहले इन्फोसिस के सहसंस्थापक एनआर नारायणमूर्ति ने शुरू की थी। उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराना है तो हमें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। इसके बाद कई कारोबारी ऐसी पैरवी कर चुके हैं, मगर महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा, आइटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी और ओयो के सह-संस्थापक रितेश अग्रवाल ने काम के घंटे बढ़ाने का विरोध करते हुए काम और जीवन की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की बात की है। सनातन परंपरा में मानव जीवन और उसकी कार्यक्षमता के संबंध में मानव-केंद्रित वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया गया है। इस परंपरा में हम विकास और भौतिकवाद की अंधी दौड़ में शामिल होकर गलाकाट प्रतिस्पर्धा नहीं करते, अपितु स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाते हुए अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक उत्पादकता के शिखर तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। इस क्रम में हम यह भी देखते हैं कि जीवन और जीवन-मूल्य हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। हम उत्पादकता को बढ़ाने के लिए शारीरिक-मानसिक संतुलन को नहीं बिगडने देते, क्योंकि 'अति सर्वत्र वर्जयेत्।' हमारे जीवन-दर्शन का लक्ष्य व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का सर्वांगीण विकास है, न कि एकाग्र भौतिक विकास हमारा एकमात्र ध्येय है। यही कारण है कि हमारे यहां सफलता की जगह सार्थकता पर बल है। महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे भारतीय विचारकों के अनुसार जीवन के परम लक्ष्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष नामक पुरुषार्थ-चतुष्टय की प्राप्ति के लिए शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का स्वास्थ्य, संतुलन और समन्वय आवश्यक है। यही चरम सुख और परम वैभव का प्रशस्त पथ है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति के मूल्यांकन का आधार विकास दर मात्र नहीं, बल्कि हैप्पीनेस इंडेक्स होना चाहिए। व्यक्ति न केवल परिवार बसाता है, बल्कि समाज से भी जुड़ता है। वह प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित करके जीवन को सरल एवं सरस बनाता है। वह जीव और जगत के मध्य संतुलन स्थापित करता है। दूसरी ओर, भोगवादी जीवन पद्धति मानव को मशीन के रूप में देखती है। मानव जीवन का मशीनीकरण होने से उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। मनुष्य का मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। यदि उपयोगितावादी दृष्टि से मानव जीवन को देखा जाएगा तो केवल मानसिक संताप बढ़ेगा। परिवार और समाज जैसी संस्थाएं भी संकटग्रस्त होंगी।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 5 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1793 - फ्रांसीसी क्रांति के दौरान फ्रांस में ईसाई धर्म विस्थापित हुआ।
- 1796 - स्पेन ने इंग्लैंड के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- 1805 - भारत में ब्रिटिश राज के दूसरे गवर्नर जनरल व कमांडर इन चीफ लार्ड कार्नवालिस का गाजीपुर में निधन।
- 1864 - कलकत्ता शहर में चक्रवात से लगभग 50,000 लोगों की मौत।
- 1915 - बुल्गारिया ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लिया।
- 1946 - पहले कान फिल्म समारोह का समापन।
- 1948 - तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्क़ाबात में भूकंप से 110,000 लोगों की मौत।
- 1962 - जेम्स बाँड सीरीज की पहली फिल्म 'डॉ. नो' रिलीज हुई।
- 1988 - ब्राजील की संविधान सभा ने संविधान को मंजूरी दी।
- 1989 - न्यायमूर्ति मीरा साहिब फ़ातिमा बीबी सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज बनी।
- 1995 - आयरलैंड के कवि एवं साहित्यकार हीनी को वर्ष 1995 के साहित्य पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा।
- 1997 - राजधानी कम्पाला से नील नदी को स्रोत जिन्जा में प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया, भारतीय टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस तथा महेश भूपति ने जिम कूरियर तथा एलेक्स ओ ब्रायन को पराजित कर 'चाईना ओपन टेनिस टूर्नामेंट' का ख़िताब जीता।
- 1999 - भारत ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर होने वाली विशेष बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया।
- 2000 - यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति मिलोसेविच के ख़िलाफ़ विद्रोह।
- 2001 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज़ मुशर्रफ़ ने सेनाध्यक्ष पद पर अपना कार्यकाल अनिश्चित काल के लिए बढ़ाया।
- 2004 - पश्चिम एशिया पर अरब देशों के प्रस्ताव का अमेरिका ने विरोध किया।
- 2005 - खुशमिज़ाजी में भारत चौथे नंबर पर।
- 2007 - नेपाल सरकार और माओवादियों के बीच समझौता न हो पाने के कारण संविधान सभा के लिए चुनाव रद्द हुआ। परवेज मुशर्रफ़ व बेनजीर भुट्टो के बीच समझौता हुआ।
- 2008- केन्द्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 'सेतु समुंद्रम परियोजना' के लिए दूसरी जगहों का परीक्षण शुरू किया।
- एप्पल के पूर्व मुख्य कार्यकारी और सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।
- भारत में दुनिया का सबसे सस्ता 2250 रुपये का टैबलेट पीसी 'आकाश' लॉन्च किया गया।

विशेष आलेख

# क्या पाकिस्तान अपने कब्जे वाले पीओके में कश्मीरियों को गुलाम बनाकर रखना चाहता है?



अशोक भाटिया



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हिंसक झड़पें जारी हैं। क्षेत्र में सुधार और सार्वजनिक सुविधाओं की मांग को लेकर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएसी) की ओर से बुलाई गई हड़ताल के दौरान तीन पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें अधिकतर मौतें पुलिस और सेना की फायरिंग में हुई हैं। पाकिस्तान सरकार द्वारा 38 प्रमुख मांगों को पूरा न करने पर शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन सेना की ज्यादतियों के खिलाफ एक व्यापक आंदोलन में बदल गया है, जिससे यह इलाका थम-सा गया है।पाकिस्तानी दैनिक द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार हड़ताल के कारण पीओके में व्यापार और अन्य गतिविधियां बंद रहीं और क्षेत्र में संचार व्यवस्था बाधित रही। धीर कोट और पीओके के अन्य हिस्सों में हिंसा की घटनाएं हुईं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि झड़पों में 172 पुलिसकर्मी और 50 नागरिक घायल हुए। आजादी की मांग कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी फौज ने अंधाधुंध फायरिंग की, सडक़ों पर लाशें ही लाशें बिछी हुई दिखाई दीं। आप तस्वीरें देखेंगे तो कलेजा मुंह को आ जाएगा। आसिम मुनीर की फौज ने पी ओ के की पुलिस को भी नहीं बख्शा। कई पुलिस वालों को भी गोलियों से उड़ा दिया। फौज को शक है कि पुलिस के जवान पी ओ के की आवाम का साथ दे रहे हैं। हालांकि फौज की गोलियां, लाशों के ढेर, खून की नदियां पी ओ के की जनता को डरा नहीं पाईं। उल्टा हुआ, विरोध की चिंगारी शोलों में बदल गईं। इस वक्त भी मुजफ्फराबाद और मीरपुर जैसे शहरों में हजारों लोग सडक़ों पर नारे लगा रहे हैं, शहबाज शरीफ की सरकार सदमे में है। घबराकर शहबाज शरीफ ने प्रदर्शनकारियों से बात करने के लिए एक टीम को मुजफ्फराबाद भेजा लेकिन इंकलाब के नारे लगाने वाले अब इंतकाम चाहते हैं। वो पाकिस्तान की हुकूमत से बात नहीं करना चाहते, आजादी चाहते हैं। शहबाज शरीफ की हुकूमत ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग के ऑर्डर दिए, लेकिन पी ओ के की लोकल पुलिस ने लोकल लोगों पर गोलियां बरसाने से इंकार कर दिया। इसलिए इस्लामाबाद से काउंटर टेरेरिज्म यूनिट के एक हजार हथियारबंद जवान मुजफ्फराबाद भेजे गए। पाकिस्तान रेंजर्स और आर्मी को पी ओ के में चल रही आजादी की जंग को कुचलने के लिए भेजा गया है। सरकार का हुक्म है कि प्रदर्शनकारियों को किसी भी कीमत पर मुजफ़्फ़राबाद पहुंचने से रोका जाए।

पाकिस्तानी फौज की हैवानियत दुनिया के सामने न आए, पी ओ के में लगी आग और ज्यादा न भडक़े, इसलिए पाकिस्तान सरकार ने पी ओ के में इंटरनेट बैन कर दिया और मीडिया रिपोर्टिंग पर पाबंदी लगा दी है। लोगों का कहना है कि वो पिछले 78 बरस से पाकिस्तान के जुल्म झेल रहे हैं लेकिन अब इंतहा हो गई। अब शहबाज शरीफ की हुकूमत और मुनीर की फौज को अपने गुनाहों का हिसाब देना होगा।

वैसे तो पाकिस्तान के मीडिया ने पी ओ के के ख़ून-खराबे को सेंसर कर दिया है लेकिन वहां के कुछ आजाद पत्रकार पी ओ के की खबरें बाकी दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। ऐसे ही एक पत्रकार इमरान रियाज ने बताया कि पी ओ के में रेंजर्स और पुलिस की फायरिंग में बड़ी तादाद में लोग मारे गए हैं लेकिन शहबाज सरकार और मुनीर की फौज ये आंकड़ा छुपा रही है। पी ओ के की जनता अब पाकिस्तान से निजात पाने पर एलान कर चुकी है। निहत्थे लोगों पर फायरिंग के बाद भडक़े हुए लोग पाकिस्तान की पुलिस पर अपना गुस्सा निकाल रहे हैं। कोटली, मीरपुर, और ददियाल में पब्लिक ने पुलिस की कई गाडियों को आग के हवाले कर दिया। बाघ कस्बे में भी रेंजर्स और पाकिस्तानी फौज के जवान अवाम के गुस्से का निशाना बने। पाकिस्तान की हुकूमत बातचीत की दावत दे रही हैं लेकिन इस ऑफर में कितना खोट है, इसका सबूत इस्लामाबाद से आया। इस्लामाबाद प्रेस क्लब में एक प्रोटेस्ट मीटिंग बुलाई गई थी। इस मीटिंग में पी ओ के के कुछ लोग शामिल होने वाले थे और पत्रकारों को भी कवरेज के लिए बुलाया गया था लेकिन मीटिंग शुरू होते ही इस्लामाबाद पुलिस की टीम पहुंची और उसने वकीलों और पत्रकारों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रेस क्लब के भीतर घुसकर लोगों को पकड़-पकडक़र पीटा। प्रेस क्लब के कैफेटेरिया में तोड़-फोड़ की। पुलिस के जवान वहां से प्रोटेस्टर्स को उठा ले गए।

इस्लामाबाद में पत्रकारों की पिटाई की तस्वीरों को तो पाकिस्तान की हुकूमत रोक नहीं पाई लेकिन पी ओ के की सडक़ों पर बिछी लाशों की जो तस्वीरें मैंने आपको गुरुवार रात अपने शो आज की बात में दिखाई। वो हमने बड़ी मुश्किल से हासिल की हैं। पाकिस्तान की हुकूमत की पूरी कोशिश है कि पाकिस्तानी फौज की गोलियों की गूंज किसी को सुनाई न दे, बेगुनाह लोगों की मौत किसी को दिखाई न दे, पी ओ के में मीडिया के जाने पर पाबंदी है, इंटरनेट पर बैन लगा दिया गया है। पहले अवाम को रोकने के लिए कंटेनर्स लगाए गए, फिर बेहिसाब गोलियां बरसाईं गईं लेकिन लाशों का अंबार भी अवाम को रोकने में नाकाम रहा। पी ओ के में लोकल मीडिया के लोगों ने जान पर खेलकर फौजी हैवानियत की तस्वीरें भेजी हैं। पाकिस्तान के मेनस्ट्रीम मीडिया से दिल दहलाने वाली ये तस्वीरें गायब हैं। पी ओ के के लोग पूछ रहे हैं कि कहां हैं वो लोग जो मोमबत्तियां जलाते थे? कहां हैं वो लोग जो इंसानियत के पैरोकार बनते थे? वेस्टर्न मीडिया को ये खून से सनी लाशें दिखाई क्यों नहीं देतीं? मुझे लगता है कि पी ओ के की आवाज को अब ज्यादा दिन दबाया नहीं जा सकेगा।

# ज्ञान के दीपस्तंभ:शिक्षक



सुनील कुमार महला

*यहां सहयोगी पेशा बनने का मतलब है कि शिक्षक समर्थन, संवाद और साझे व्यावसायिक समुदायों का हिस्सा बनें-ताकि उनकी पेशेवर विकास, नवाचार और समस्या समाधान बेहतर हो सके। अंत में यही कहूंगा कि शिक्षक किसी देश की संस्कृति, मूल्यों व आदर्शों के संवाहक और संरक्षक होते हैं।*

हर वर्ष 5 अक्टूबर को पूरे विश्व में विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है। दरअसल, 5 अक्टूबर 1966 को यूनेस्को और आइएलओ (अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन) ने मिलकर रिकमंडेशन कंसर्निंग द स्टेट्स ऑफ टीचर्स नामक एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ को अपनाया था, जिसमें शिक्षकों के अधिकार, जिम्मेदारियाँ और अंतरराष्ट्रीय मानदंड तय किए गए और इसी की याद में साल 1994 से यह दिवस मनाया जाने लगा।वास्तव में, इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य समाज में शिक्षकों की भूमिका, योगदान और महत्व को याद करना तथा उन्हें सम्मान देना है। गौरतलब है कि विश्व शिक्षक दिवस का आयोजन यूनाइटेड नेशन्स एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन द्वारा शुरू किया गया था और इसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और शिक्षक के अधिकारों व गरिमा को बढ़ावा देना है। कहना ग़लत नहीं होगा कि शिक्षक समाज को ज्ञान, संस्कार और नैतिक मूल्यों से सज्जित करते हैं।वे हमारी नई, युवा पीढ़ी को देश व समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाने में मार्गदर्शन करते हैं। शिक्षक ही, शिक्षा के माध्यम से समाज में समानता, जागरूकता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।सच तो यह है कि शिक्षक ही देश के भविष्य निर्माताओं को तैयार करते हैं और उनकी प्रेरणा और योगदान से ही राष्ट्र मजबूत और समृद्ध बनता है।पाठक जानते होंगे कि भारत में शिक्षक दिवस हर वर्ष 5 सितंबर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि हर साल अलग-अलग थीम के साथ यह दिवस मनाया जाता है। गौरतलब है कि वर्ष 2025 के लिए यूनेस्को / शैक्षिक संगठनों ने 'रि-कास्टिंग टीचिंग एज ए कोलोबोरेटिव प्रोफेशन (शिक्षण को एक सहयोगी पेशा के रूप में पुनरावृत्त करना) को विषय (थीम) के रूप में प्रस्तावित किया है। वास्तव में यह थीम/विषय यह दर्शाता है कि शिक्षण सिर्फ एक अकेले शिक्षक का काम नहीं है-बल्कि यह एक सहयोग, साझा जिम्मेदारी और एक ऐसा पेशा होना चाहिए, जिसमें टीचर्स एक-दूसरे से सीखें, मार्गदर्शन करें, विचार साझा करें और मिलकर विकास करें।इस दृष्टिकोण के अनुसार, शिक्षक न केवल अपनी कक्षा में शिक्षण करें, बल्कि पठन-पाठन, पाठ्यक्रम, मूल्यांकन और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अन्य शिक्षकों और शैक्षिक संस्थानों के साथ मिलकर काम करें। यहां सहयोगी पेशा बनने का मतलब है कि शिक्षक समर्थन, संवाद और साझे व्यावसायिक समुदायों का हिस्सा बनें-ताकि उनकी पेशेवर विकास, नवाचार और समस्या समाधान बेहतर हो सके। अंत में यही कहूंगा कि शिक्षक किसी देश की संस्कृति, मूल्यों व आदर्शों के संवाहक और संरक्षक होते हैं।वे ज्ञान, मूल्य और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाते हैं। संस्कार, आदर्श और जीवन-दृष्टि का संचार शिक्षक ही करते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान दिया गया है। शिक्षक ही संस्कृति की धारा को निरंतर प्रवाहित रखते हैं। वास्तव में, सच्चा शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि शिष्य के दुःख और अज्ञान का नाश कर उसका मार्ग आलोकित करता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



**मिर्जा गालिब**
**कवि तथा महान शायर**

ग़ालिब उर्दू-फ़ारसी के प्रख्यात कवि तथा महान् शायर थे। इनके दादा मिजऱ्ा क़ौकऩ बेग ख़ाँ समरकन्द से भारत आए थे। बाद में वे लाहौर में मुइनउल मुल्क के यहाँ नौकर के रूप में कार्य करने लगे। मिजऱ्ा क़ौकऩ बेग ख़ाँ के बड़े बेटे अब्दुल्ला बेग ख़ाँ से मिजऱ्ा ग़ालिब हुए। अब्दुल्ला बेग ख़ाँ, नवाब आसफ़उद्दौला की फ़ौज में शामिल हुए और फिर हैदराबाद से होते हुए अलवर के राजा बख़्तावर सिंह के यहाँ लग गए। लेकिन जब मिजऱ्ा ग़ालिब महज 5 वर्ष के थे, तब एक लड़ाई में उनके पिता शहीद हो गए। मिजऱ्ा ग़ालिब को तब उनके चचा जान नसरुउल्ला बेग ख़ान ने संभाला। पर ग़ालिब के बचपन में अभी और दुःख व तकलीफें शामिल होनी बाकी थीं। जब वे 9 वर्ष के थे, तब चचा जान भी चल बसे। मिजऱ्ा ग़ालिब का सम्पूर्ण जीवन ही दुःखों से भरा हुआ था। आर्थिक तंगी ने कभी भी इनका पीछा नहीं छोड़ा। कज़ऱ्. में हमेशा घिरे रहे, लेकिन अपनी शानो-शौक़त में कभी कमी नहीं आने देते थे। इनके सात बच्चों में से एक भी जीवित नहीं रहा। जिस पेंशन के सहारे इन्हें व इनके घर को एक सहारा प्राप्त था, वह भी बन्द कर दी गई थी। मिजऱ्ा असदउल्ला ख़ाँ का जन्म ननिहाल, आगरा में 27 दिसम्बर, 1797 ई. को रात के समय हुआ था। चूँकि पिता फ़ौजी नौकरी में इधर-उधर घूमते रहे, इसीलिए ज़्यादातर इनका लालन-पालन ननिहाल में ही हुआ। मिजऱ्ा असदउल्ला बेग ख़ान 'ग़ालिब' का स्थान उर्दू के चोटी के शायर के रूप में सदैव अक्षुण्ण रहेगा। उन्होंने उर्दू साहित्य को एक सुदृढ़ आधार प्रदान किया है। उर्दू और फ़ारसी के बेहतरीन शायर के रूप में उनकी ख्याति दूर-दूर तक फैली तथा अरब एवं अन्य राष्ट्रों में भी वे अत्यन्त लोकप्रिय हुए। ग़ालिब की शायरी में एक तड़प, एक चाहत और एक आशिक़ाना अंदाज़ पाया जाता है।

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# सुबह खाली पेट पिएं सौंफ, जीरा और धनिया का पानी, मोटापा से लेकर इन 5 बीमारियों की होगी छुट्टी

सौंफ, जीरा और धनिया का पानी का इस्तेमाल हर भारतीय रसोई में किया जाता है। ये तीनों मसाले न केवल खाने के स्वाद को बढ़ाते हैं, बल्कि सेहत को भी कई लाभ पहुंचाते हैं। जीरा, धनिया और सौंफ में औषधीय गुण भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं. आमतौर पर, इन मसालों का इस्तेमाल खाने में तडक़ा लगाने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, इनका इस्तेमाल मसाले के रूप किया भी किया जाता है। लेकिन आप चाहें तो जीरा, धनिया और सौंफ का पानी पी सकते हैं। जी हां, जीरा, धनिया और सौंफ के पानी का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से शरीर की कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। तो आइए, जानते हैं सुबह खाली पेट जीरा, धनिया और सौंफ का पानी पीने के फायदों के बारे में विस्तार से -

**बॉडी को डिटॉक्स करे**

सुबह खाली पेट जीरा, धनिया और सौंफ का पानी का सेवन करने बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद मिल सकती है। दरअसल, इसका सेवन करने शरीर में जमा टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से लिवर और किडनी को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है।

**पाचन तंत्र को बेहतर बनाए**

सुबह खाली पेट जीरा, धनिया और सौंफ का पानी पीने से पाचन तंत्र दुरुस्त होता है। दरअसल, इन मसालों में मौजूद पोषक तत्व पाचन क्रिया को बेहतर करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से कब्ज, गैस, अपच और एसिडिटी जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है।

**वजन घटाने में मददगार**

सुबह खाली पेट जीरा, धनिया और सौंफ का पानी पीने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको अपने बॉस से रिश्ते को बेहतर करना होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की योजना बनाएंगे। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और शेयर मार्केट में धन लगाना बेहतर रहेगा।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको किसी बात को लेकर परिवार में वरिष्ठ सदस्य से कहासुनी होगी। किसी प्रॉपर्टी को लेकर आप जल्दबाजी न दिखाएं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा और रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों को किसी मनचाही नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं। आपको अपनी इनकम पर थोड़ा ध्यान देना होगा।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। पार्टनरशिप अच्छी चलेगी और आपको एक के बाद एक योजना में धन लगाने का मौका मिलेगा, लेकिन आपके परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर थोड़ा एहतियात बरतनी होगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। उन्नति की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी और आप अपने कामों में कुछ उतार-चढ़ाव को लेकर परेशान रहेंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सावधानी में सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में तो वृद्धि होगी, लेकिन आपके प्रमोशन की बात कोई रोक सकता है, जिसके लिए आपका अपने किसी मित्र से आपसी लड़ाई झगड़ा भी हो सकता है।

**तुला**
आज आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज आपको अपनी आय और व्यय मे भी संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी और आप अपने कर्जों को भी उतारने की पूरी कोशिश करेंगे।

**धनु**
आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी पूजा पाठ का आयोजन हो सकता है और सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपकी सोच समझ से भी सभी काम पूरे होंगे। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा और आपकी शौक मौज की चीजें भी आसानी से पूरी होगी।

**कुंभ**
आज आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। कामों में भी कुछ कठिनाइयां आएंगी। आपका कोई काम बनते बनते बिगड़ सकता है और आपको अपने बॉस से भी डांट खानी पड़ सकती है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा। आप किसी की कहीं सुनी बातों पर भरोसा ना करे और अपने बच्चों को कंट्रोल करके चले, क्योंकि आप किसी के बहकावे में आकर किसी निवेश संबंधी योजना में धन लगा सकते हैं।

# बाघों की नगरी में काव्य रसधारा का लिया आनंद





**बढ़ता राजस्थान**
**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)** दशहरे पर नगर परिषद की ओर से तीन दिवसीय विजयदशमी महोत्सव के कार्यक्रमों की कड़ी में शुक्रवार रात को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का नगर परिषद सभापति जय प्रकाश सामरिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजन हुआ। दशहरा मैदान पर आयोजित इस सम्मेलन में सवाई माधोपुर शहर के आम लोग कविता की विभिन्न धाराओं के साथ बहे और आनंद के गोते लगाए।

देश के अलग-अलग हिस्सों और राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए कवियों ने अपनी अभिव्यक्ति में हास्य और श्रृंगार रस की फुहारों के साथ ही देशभक्ति और वीर रस का जोश भी बिखेरा। सम्मलेन में सामाजिक हालात पर व्यंग्य और समरसता तथा सह-अस्तित्व की जरूरत पर भी कविताएं पढ़ी।

नगर परिषद सभापति जय प्रकाश सामरिया और पुलिस उपाधीक्षक उदय सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। कवियत्री योगिता चौहान ने सरस्वती वंदना के साथ कवि सम्मेलन का विधिवत आगाज़ किया। कवि अपूर्व विक्रम शाह, रामवतार नागर एंव अशोक चारण ने वीर रस से ओतप्रोत कविताओं के जरिए श्रोताओं में जोश भर दिया। कवयित्री योगिता चौहान और हेमा पांडे ने श्रृंगार एंव प्रेम रस की कविताओं ने पूरे माहौल में ही दीवानापन बिखेर दिया।

कवि बाबू बंजारा के बेटी की विदाई और महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक के कविता पाठ ने श्रोताओं को इतना भावुक कर दिया कि कईयों की आंखों में आंसू झलक गए। इसी तरह कानू पंडित, मुन्ना बैटरी और कुलदीप रंगीला की हास्य कविताओं ने श्रोताओं को हंस कर लोटपोट होने पर मजबूर कर दिया। कवि सम्मेलन के दौरान कवि कुशल कुशलेंद्र, अपूर्व विक्रम शाह, अशोक चारण ओर रामावतार नागर ने पहलगाम हमले एंव ऑपरेशन सिंदूर सहित राजस्थान के इतिहास और आजादी की लड़ाई से जुड़े विषयों पर कविताएं सुनाईं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अभा विराट कवि सम्मेलन आज, पन्या सेपट,योगेश रजवाड़ा आएंगे

**निवाई (का.स.)।** नगरपालिका मंडल निवाई के तत्वावधान में दशहरा महोत्सव को लेकर प्रताप स्टेडियम में सोमवार तक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि रविवार को प्रताप स्टेडियम में शाम साढे 7 बजे से अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमे अंतर्राष्ट्रीय हास्य व्यंग्यकार कवि अरूण जैमिनी, अंतर्राष्ट्रीय हास्य व्यंग्यकार कवि डॉ. मनजीत सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पवन अगारी, अंतर्राष्ट्रीय राजस्थानी हास्य कवि हरीश हिन्दस्तानी, अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि दिनेश देशी घी, राष्ट्रीय कवि व संचलक राजेन्द्र पंवार हाडोती कोटा, अंतर्राष्ट्रीय कवि अमित शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री यूथ आईकन गौरी मिश्रा, राजस्थानी हिन्दी गीतकारा कवयित्री दीपा सैनी जयपुर, राष्ट्रीय ओज कवि महेश डांगरा एवं श्रंगार रस कवि कन्हैया शर्मा द्वारा श्रंगार व देशभक्ति सहित कई हास्यप्रद कविताएं प्रस्तुत की जाएगी। 6 अक्टूबर को प्रताप स्टेडियम में मानसिंह, गौरासिंह के सानिध्य में बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम होगा एवं पन्या सेपट व योगेश रजवाड़ा, बॉलीवुड डांस ग्रुप, पिहू जैन एंड डांस ग्रुप द्वारा कई सांस्कृतिक व राजस्थानी कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसी प्रकार बॉलीवुड प्लेबैक द्वारा नए-पुराने नगमों की बहार के साथ हंसी की फुहार करेंगे।

### सनाढ्य गौड़ ब्राह्मण समाज का शपथग्रहण समारोह आज होगा

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सनाढ्य गौड़ ब्राह्मण समाज मानटाउन सवाईमाधोपुर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह रविवार को दोपहर दो बजे परशुराम मंदिर (जटवाड़ा खुर्द) प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। शपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि मुकेश दाधीच प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, पुरूषोत्तम शर्मा आईएएस प्रबंध निदेशक रोडवेज, पंकज कुमार ओझा आरएएस निदेशक गोपालन एवं पूर्व विधायक हंसराज शर्मा पधारेंगे। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को चुनाव अधिकारी रामजीलाल जोशी के द्वारा शपथग्रहण करवाते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### निवाई में वृंदावन रास व फूलों की होली में उमड़े श्रद्धालु



**निवाई (का.स.)।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम को लेकर आर्यवीर कलाकार रंगमंच संस्थान के कलाकारों द्वारा वृंदावन रास व फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। जिसको देखने के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। नगरपालिका के तत्वावधान में कोटा के कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी का वृंदावन रास व फूलों की भव्य होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा सहित सभी पार्षदों ने भगवान श्रीराम व भगवान श्रीकृष्ण जी की आरती करके किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण व राधाजी पर फूल बरसाकर फूलों की जमकर होली खेली। इस अवसर पर जयपुर पार्षद अंकित वर्मा, रामअवतार घाटी, परसराम कुमावत, गिर्राज चौधरी, मंगलराम मीणा, रमेश सैनी, संजय रैगर, शंकरलाल सैनी, रामविलाश बलाई, जीतू विजय, अविनाश पारीक, आनन्द पारीक, पवन शर्मा गुरूजी व जीतू धारवाल सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से 51 रोगियों का किया उपचार



**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत बीडोली में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 51 स्त्री पुरुषों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से उपचार एवं परामर्श दिया गया एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर लुहारा द्वारा ग्रामीणों को वायरल एवं ऋतुजन्य बीमारियों से बचाव हेतु शुष्क क्वाथ का वितरण किया गया। चिकित्साधिकारी व प्रभारी डॉ. धर्मराज मीना ने ग्रामीणों को ऋतुचार्य से संबंधित जानकारी दी। कंपाउंडर चंद्रमोहन ने रोगियो को नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की। इस अवसर पर विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल ने राष्ट्रीय अधिवेशन में की शिरकत



**निवाई (का.स.)।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका विशुद्धमति माताजी एवं आर्यिका विज्ञमति माताजी के राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल की महिलाएं सवाईमाधोपुर पंहुची। मंडल की अध्यक्ष पिंकी कठमाणा एवं प्रचार मंत्री यामिनी छाबड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर निवाई से विशुद्ध वर्धनी महिला मंडल भक्त परिवार ने सवाईमाधोपुर में माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। मंदिर कमेटी ने सभी महिला मंडल का सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर पिंकी कठमाणा, हेमा बनेठा, सुनीता बड़ागांव, अंतिमा झिराना, नेहा गिंदोडी, यामिनी छाबड़ा, ज्ञानेश्वरी पहाड़ी, सुलोचना भाणजा, रितु चंवरिया, शशी सावलिया, प्रीति लटुरिया, रितु सारसोप व हेमा रामनगर सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण जन-जागरूकता रैली निकाली

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य ब्लॉक गंगापुर सिटी, जिला-सवाई माधोपुर के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता रैली निकालकर आमजन को जागरूक किया।

स्काउट सचिव दिनेश चन्द बैरवा ने बताया कि हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट भरत लाल प्रजापत के निर्देशन में कल्याण जी गेट गंगापुर सिटी स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की रेंजर्स गाइड्स व छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण जनचेतना रैली निकाली जिसका नेतृत्व दिनेश चन्द बैरवा,इन्द्रराज प्रजापत द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य विजय सिंह गुर्जर द्वारा उपस्थित समस्त छात्रों में स्टाफ को पर्यावरण का संरक्षण करने, पॉलिथीन का बहिष्कार करने,अपने आसपास साफ सफाई रखने व अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने की शपथ दिलाई। गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया जो विद्यालय से रवाना होकर घास मण्डी,गुर्जर मौहल्ला,कल्याण जी मंदिर नैना देवी होते गणेश नगर,खण्डेलवाल धर्मशाला,ट्रक यूनियन होते हुए वापस विद्यालय में आकर सम्पन्न हुई।

## वित्त विभाग ने पर्यटन विभाग को वित्तीय सहमति प्रदान की

# त्रिनेत्र गणेश के होंगे 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्य

**बढ़ता राजस्थान**
**जयपुर/सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)**

राज्य बजट घोषणाओं में किए वादों को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस सतत विकास की दिशा में राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्वार, सौन्दर्यकरण एवं विकास के लिए वित्त विभाग ने पर्यटन विभाग को 22 करोड़ 93 लाख 12 हजार रूपये की वित्तीय सहमति प्रदान की है। प्रदेश की राजधानी में हेरिटेज ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए आइकॉनिक ट्यूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में नाहरगढ़ एवं आमेर में संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य के लिए वित्त विभाग ने 4 करोड़ 37 लाख 74 हजार रुपये की वित्तीय सहमति प्रदान की है।



पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए वित्त विभाग ने सवाई माधोपुर जिले के रणथम्भौर में स्थित त्रिनेत्र गणेश जी मंदिर, में पर्यटन विकास के लिए 2 करोड़ 6 लाख रूपये की वित्तीय सहमति प्रदान की है। पर्यटन विभाग द्वारा हम्मीर महल से त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक सुगम रास्ते का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, सोलर पैनल आदि जनसुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### राजसमंद जिले के द्वारिकाधीश के लिए 1 करोड़ की वित्तीय सहमति प्रदान की

राजसमंद जिले के सुप्रसिद्ध मंदिर द्वारिकाधीश में विकास कार्य कराये जाने के लिए 1 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहमति प्रदान की गई है। इससे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में बारादरी का निर्माण, फूड कोर्ट, पार्किंग में जन सुविधाएं, परिसर में पेंटिंग, एवं विद्तीकरण का कार्य करवाया जायेगा। वित्त विभाग ने बाड़मेर जिला स्थित रामदेवजी की जन्मस्थली रामदेरिया काश्मीर में विकास व जीर्णोद्धार के लिए 104.25 लाख रूपये, जयपुर के माधोराजपुरा स्थित भोमिया जी मंदिर के लिए 107 लाख रुपये, पाली के डोवा रामजी महाराज तीर्थ बालरई (रानी) के लिए 135.89 लाख रूपये, सिरोही जिले के चामुण्डा माताजी मंदिर के लिए 99.94 लाख रूपये, उदयपुर जिले के नीमच माता मंदिर के लिए 49.42 लाख रूपये, बाड़मेर (गुडामलानी) के धुधलेश्वर महादेव के लिए 56 लाख रूपये, बालोतरा के हल्देश्वर महादेव मंदिर के लिए 53.50 लाख रूपये, पाली के सुमेरपुर स्थित कुबाजी महाराज तीर्थ-देसूरी के लिए 196.54 लाख रूपये, (कामां) डीग के बरौली धाऊ में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 228.95 लाख रूपए, भरतपुर जिले की पदम हवेली के जीर्णोद्वार कार्य के लिए 265.56 लाख रूपए व डीग (कामां) के विमल कुण्ड के सौन्दर्यकरण कार्य के लिए 201.33 लाख रुपए की वित्तीय सहमति प्रदान की है।

## एग्ज़िबिशन में की जमकर खरीदारी



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां शनिवार को सखी सहेली ग्रुप के द्वारा आयोजित फैशन फेयर एग्जिबिशन में दूसरे दिन महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। सखी सहेली ग्रुप ने तीन दिवसीय एग्जीबिशन कार्यक्रम शहर के अटल उधान् के टीन शेड परिसर में आयोजित किया हुआ। कार्यक्रम मे कारोबारी महिलाओं ने विभिन्न विभिन्न प्रकार की दुकाने लगाई हुई है। महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टालों पर शहर एवं आसपास क्षेत्र की महिलाएं जमकर खरीदारी कर रही हैं इससे कारोबारी महिलाओं का उत्साह बढ़ रहा है। खास कर चाय नाश्ते फास्ट फूड की स्टालों पर महिलाएं और पुरुष अलग-अलग व्यंजनों का स्वाद ले रहे हैं साथ ही महिला वस्त्रों की बिक्री भी जमकर हो रही है। होममेड रोस्टेड सिडस सहित विभिन्न प्रकार की स्टॉले भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। महिला व्यापारियों के इस एग्जीबिशन समारोह मे शहर और आसपास की महिलाएं को यहां वाजिब दामों पर परिधान एवं विभिन्न प्रकार की घरेलू वस्तुएं खरीदने का लाभ मिल रहा है।

## पालना गृहों का किया निरीक्षण, खामियां सुधारने के दिए निर्देश

**बढ़ता राजस्थान**
**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा राजकीय सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर एवं राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह सवाई माधोपुर में स्थित पालना गृहों का निरीक्षण कर निर्धारित मानकों के अनुसार पालना गृह का संचालन, जनवरी 2024 से पालना गृहों के पालने में सुरक्षित छोड़े गये बच्चों की संख्या तथा उनके संबंध में की गई कार्यवाही, जनवरी 2024 से असुरक्षित/लावारिस पाये गए बच्चों की संख्या व उनकी वर्तमान स्थिति के साथ-साथ पालना गृह की साफ-सफाई, पालना गृह से संबंधित रजिस्टरों की नियमित रूप से प्रविष्टियां, पालना गृह में सुरक्षा के इंतजामो आदि के संबंध में जांच की गई।



दौराने निरीक्षण डॉ. एस.एन. अग्रवाल द्वारा राजकीय सामान्य चिकित्सालय में स्थित पालना गृह में विगत 2 वर्षों में एक बालिका को 03 दिसम्बर 2024 को पालना गृह के पालने में छोड़ा जाना बताया गया, जिसे राजकीय दत्तक ग्रहण एजेंसी को सुपुर्द किया जाना जाहिर किया गया। दौराने निरीक्षण राजकीय सामान्य चिकित्सालय में स्थित पालना गृह में साफ-सफाई का अभाव पाया गया, पालने की घंटी खराब पाई गई। इस संबंध में मौके पर उपस्थित डॉ.एस.एन. अग्रवाल को सख्त निर्देश दिए गए।

## भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर की 'आत्मनिर्भर संकल्प भारत' अभियान कार्यशाला का हुआ समापन

# भारत निडर रहेगा तभी आत्मनिर्भर रहेगा : रंजीता कोली

**बढ़ता राजस्थान**
**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)** भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर की आत्मनिर्भर संकल्प भारत अभियान की जिला कार्यशाला आज भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुई। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भरतपुर की पूर्व सांसद रंजीता कोली उपस्थित रहेकार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने की, कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग लाल जाट, सुरेशचंद जैन, डॉ भरतलाल मथुरिया, खंडार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, गंगापुर सिटी प्रधान मंजू गुर्जर, जिला महामंत्री विनोद अटल, जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा मंचासीन रहे जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि 2 अक्टूबर से पूरे




भारत में भाजपा कार्यकर्ताओं का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को सार्थक करते हुए खादी ,मिट्टी, और लकड़ी से बने सामान खरीदे है, उन्होंने आगे जीएसटी के कम होने के फायदे बताएं और कहा कि आज हम सबको आत्मनिर्भर भारत के लिए संकल्प की जरूरत है हम लोकल फॉर वोकल को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी सामान ही खरीदे प्रधानमंत्री ने अभियान को सभी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

इसके बाद प्रत्येक मंडल में भी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला आयोजित करनी है और स्वदेशी को बढ़ावा देना है कार्यशाला एवं पत्रकार वार्ता को मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भरतपुर की पूर्व सांसद रंजीता कोली ने संबोधित करते हुए कहा कि जब हम छोटा सा काम करते हैं और आगे बढ़ते हैं तो हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है यही आत्मनिर्भर भारत है, भारत ऐसा बने हम विदेश से नहीं बल्कि देश में बनी वस्तुओं को विदेश में भेजें करोना में वैक्सीन हमारे देश में ही तैयार की गई थी और विदेशो में भी भेजी गई थी, प्रधानमंत्री का संकल्प है की विदेशी हम पर निर्भर हो हम विदेशियों पर पर नहीं प्रधानमंत्री ने कहा है कि मैं प्रधानमंत्री नहीं देश का प्रधान सेवक हूं आज हमारी बहनें किसी पर निर्भर नहीं वह खुद दैनिक दिनचर्या की वस्तुएं खुद तैयार कर रही हैं, भारत निडर रहेगा तभी आत्मनिर्भर रहेगा प्रधानमंत्री ने महिलाओं को रोजगार देने में अहम भूमिका निभाई।

घर-घर ढाणी ढाणी जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत के विषय में बताकर इस अभियान को सफल बनाना है। विदेशी की खरीदारी बदलकर स्वदेशी को बढ़ावा देना है। इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा ,जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, दीपक सिंहल,उदय सिंह गुर्जर, हरिओम गर्ग, लालचंद गौतम, मीरा सैनी, जिला मंत्री हरफूल मरमट, मोर्चा प्रभारी जमनालाल वैष्णव, मंडल अध्यक्ष अशोक राज मीणा, हनुमत दीक्षित ,रितेश भारद्वाज, मनराज गुर्जर, कपिल जैन, पुखराज गुर्जर महावीर गंडासिया, मनीष जैन श्रीचंद सैनी, बलवीर सिंह, हरिओम पटेल ,ओमी कटारिया ,नीलकमल जैन, प्रणव गौतम, संजय सिकरवार,हरचरण सिंह ,शुभम भारद्वाज, भगवान सैनी, लोकेश शर्मा, संतोष मथुरिया,प्रेम देवी मीणा, कृष्णा गुप्ता, मीरा मीणा, बनवारी सिंहल,आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुत्रों ने किये अपने पिता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे 305 स्कीम नंबर 2 अलवर,अलवर निवासी कृष्णा कुमार (के0के0शास्त्री) पुत्र रामकृष्ण शर्मा के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। ।रायण सेवा संस्थान,अलवर शाखा अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया किरमन शर्मा ने पिता के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया।

तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र रमन, सुमन एवं प्रवीण शर्मा ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह की पूर्व संध्या पर पुष्पवर्षा, पूर्व पार्षद ने जताया समाजों का आभार



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र के पुराने अलवर सडक़ मार्ग पर स्थित दयावाली मन्दिर के पास सैनी महासभा भवन में 05अक्टूबर 2025रविवार को सैनी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा।जहाँ भारत में स्थापित जाति व्यवस्था के आधार पर विभिन्न जातियों के लोगों ने शौभायात्रा पर पुष्पवर्षा की। इस अवसर पर नगर पालिका के नियुक्त पूर्व पार्षद रोशनलाल सैनी ने सभी समाजों का आभार जताया और सैनी समाज को प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थिति दर्ज करवाने का आह्वान किया।वहीं सैनी समाज के जिला उपाध्यक्ष गोरधन सैनी ने अपने समर्थको सहित झांकी में समलित होने के बाद अपने प्रतिष्ठान पहुंचकर सौभायात्रा का भव्य सम्मान किया। उन्होंने कहा कि समाज की दिशा और दशा प्रतिभाएँ ही सुनिश्चित करती हैं कि उस समाज को कहाँ जाना है। मुझे उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि समाज की प्रतिभाएँ समाज को एक अच्छी दिशा में लेकर जाएंगी। शौभायात्रा में सैनी समाज के अलावा अन्य समाजों के भी अनेक लोग शामिल रहे।

## निर्भयराम बाबा की छतरी पर शरद पूर्णिमा पर होगा जागरण व प्रसाद का वितरण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के गंगाबाग स्थित दादू पंथी संप्रदाय के अष्टम आचार्य 1008 निर्भयराम जी महाराज की छतरी पर शरद पूर्णिमा उत्सव 6 अक्टूबर सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा।

समाजसेवी राजेश जोशी ने बताया कि इस अवसर पर बैंड बाजा से बाबा को खीर के प्रसाद का भोग लगाकर वितरण किया जाएगा। छतरी पर सालों से यह उत्सव स्वर्गीय महंत भगवानदास जी ठिकाना गंगाबाग व स्वर्गीय घनश्याम सोंखिया द्वारा शुरू किया गया था। जिसे अनवरत रूप से उनके पुत्र नीरज और नवीन सोंखिया द्वारा और बाबा के भक्तों द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। उन्होंने बताया कि रात्रि को 12 बजे सत्संग व जागरण का कार्यक्रम आयोजित होगा। उसके बाद बाबा की आरती कर खीर के प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों को वितरण की जाएगी। सेवक राजेश जोशी ने बताया कि 7 अक्टूबर को सुबह 6 बजे अस्थमा के मरीजों के लिए औषधि युक्त खीर का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

## स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन, ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के राजपुर बड़ा में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संघ शताब्दी वर्ष के तहत विजयदशमी उत्सव व पथ संचलन निकाला गया। खंड कार्यवाह महेंद्र सैनी ने बताया की मुख्य बौद्धिक कर्ता विजय सिंह फौजदार (प्रांत सह मंत्री विद्या भारती ) रहे। मुख्य अतिथि रामावतार शर्मा रहे। पथ संचलन राजपुर बड़ा के मुख्य मार्गो से होकर गुजरा। स्थानीय लोगों द्वारा पुष्प वर्षा करके संचलन का स्वागत किया गया। भारत माता के जयकारों के साथ संचालन कदमताल करते हुए संघ घोष के साथ आगे बढ़ा। इसके बाद शस्त्र पूजन कर विजयदशमी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सह खंड कार्यवाह सुखराम, खंड कार्यकर्ता जगदीश सैनी व घनश्याम, मुकेश, उपखंड कार्यवाह झझुराम, धीरज सहित आसपास गांव के सभी स्वयंसेवक व राजपुर बड़ा के स्वयंसेवक तथा सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विजय दशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ (अलवर)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजगढ़ नगर द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर रविवार को दोपहर 3.15 बजे विशाल पथ संचलन तथा सायं 4.15 बजे विशाल विजयादशमी उत्सव का आयोजन विवेकानंद पार्क, नवीन रंगमंच राजगढ़ में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त सहायक अभियंता सा.नि.वि. आर.डी.मीना होगे।

व्यापारी, दुकानदार जीएसटी स्लैब में सरलीकरण का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं

# केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने अलवर में मुख्य बाजार में जीएसटी बचत उत्सव के तहत की पदयात्रा

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल को दें प्रोत्साहन, स्वदेशी वस्तुओं की करें खरीद

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर शहर में जीएसटी बचत उत्सव के तहत भगत सिंह सर्किल से दो नंबर रोड होते हुए शहर के मुख्य बाजारों में आयोजित हुई पदयात्रा का शुभारंभ शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। केंद्रीय मंत्री ने पदयात्र में व्यापारियों को सरकार द्वारा जीएसटी में की गई कमी का लाभ आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा व्यापारियों एवं आमजन को जीएसटी बचत उत्सव के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जीएसटी बचत उत्सव से संबंधित स्टीकर्स लगाए तथा लोगों को लोकल फॉर वोकल के तहत स्थानीय व स्वदेशी उत्पादों अपनाने के लिए प्रेरित किया।

केंद्रीय वन मंत्री यादव ने जीएसटी बचत उत्सव पदयात्र के दौरान व्यापारियों व उपभोक्ताओं से संवाद कर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जीएसटी स्लैब में सरलीकरण करते हुए दरों में कमी की है। इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले, इसके लिए 22 से 29 सितंबर तक 'जीएसटी बचत उत्सव' का आयोजन हुआ है, इससे आमजन में उत्साह का भाव परिलक्षित हुआ है।

उन्होंने व्यापारी और दुकानदारों से जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की अपील है। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी सरलीकरण की घोषणा की थी। जिसके अनुसार 22 सितंबर से देश में अब जीएसटी की मुख्य रूप से दो दरें 5 और 18 प्रतिशत प्रभावी हो गई हैं। इस निर्णय से दैनिक जरूरत की वस्तुओं की कीमतों में भारी कमी आई है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, व्यापारी और उद्योग जगत सहित सभी वर्ग इस सरलीकरण लाभान्वित होंगे और उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा।

उन्होंने ने आमजन से प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को साकार करने की दिशा में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया है। नवरात्रि एवं त्यौहारी सीजन में देश में निर्मित वस्तुओं और उत्पादों की खरीद की जाए। इससे हमारे कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री यादव ने मुख्य बाजार में दुकानदारों से जीएसटी सुधारों पर चर्चा की जिस पर व्यापारियों ने उत्साह दिखाते हुए जीएसटी स्लैब में सुधारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डबल धमाका बताया। एसी विक्रेता दुकानदारों सहित अन्य दुकानदारों ने कहा कि छुट की वजह से ऑफ सीजन में भी ग्राहक उत्साह के साथ एसी सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता व महासिंह चौधरी, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, संजय नरूका, सतीश यादव, महेश निहलवानी, जितेंद्र राठौड, जीतू सैनी,रमेश जुनेजा, मुकेश विजय, प्रेम पटेल, अमित गोयल, राजेंद्र गुप्ता, श्रीमती मीना सैनी, राजेश तिवारी, सौरभ कालरा, देशबंधु शर्मा, जितेंद्र शर्मा, श्रीमती शीला जांगिड़, श्रीमती सुनीता मीणा,निलेश खंडेलवाल, सुदेश खाम्बरा, देशराज खरेरा, नवीन यादव, सुनील शर्मा सहित व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी विक्रेता एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहें।

## पशु अधिकारों की सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति लोगों को किया जागरूक

### पशुपालन विभाग द्वारा जिलेभर में मनाया गया विश्व पशु दिवस

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** विश्व पशु दिवस के अवसर पर सेव एनिमल, सेव द प्लेनेट थीम पर नगर निगम में संचालित शहरी सेवा शिविर में उपस्थित आमजन के साथ संगोष्ठी का आयोजन नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में अतिथियों ने कहा कि विश्व पशु दिवस का उद्देश्य पशुओं के अधिकारों की सुरक्षा एवं उनके कल्याण के लिए समाज का ध्यान आकर्षित कर समर्थन प्राप्त करना है। जिससे पशु क्रूरता को रोक कर बेजुबानों के अधिकारों का संरक्षण किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह दिन पशु आश्रय में स्वयं सेवा पशु दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने, पशुओं के उपयोग में आने वाली सामग्री हेतु दान लेने, निराश्रित पशु की देखभाल करने एवं नसबंदी व टीकाकरण अभियान में भाग लेने आदि कार्यों के लिए जन समुदाय को प्रोत्साहित करता है। विश्व पशु दिवस पर पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा संस्थानों पर यह दिवस मनाया गया, जिसमें बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय भवानी तोप में उपनिदेशक डॉ. सरजीत सिंह ने स्टाफ के साथ निराश्रित गोवंश को गुड़ खिलाकर दिवस को मनाया। साथ ही निराश्रित पशुओं के बाडे में साईपर मेथ्रिन का छिडक़ाव, पांच निराश्रित गोवंश का उपचार, 68 गोवंश को कृमि नाशक दवा पिलाने एवं अन्य जीव जंतुओं का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी पशु चिकित्सा संस्थानों द्वारा गौशालाओं में शिविर आयोजन कर गोवंश का उपचार किया गया एवं विद्यालयों में गोष्ठी का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को पशु कल्याण के संदर्भ में जागरूक किया गया। इस दौरान पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रमेश चंद्र मीणा, शुकर फॉर्म के उपनिदेशक संजय कुमार, बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय के उपनिदेशक डॉ. सरजीत सिंह, पशु कल्याण संगठनों के पदाधिकारी सहित पशुपालन विभाग के अधिकारी व कार्मिक तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## एक दिवसीय डॉग्स एवं कैट वैक्सीनेशन व डिवार्मिंग शिविर का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़(सुभाष यादव)।** विश्व पशु कल्याण दिवस के अवसर पर एक दिवसीय डॉग्स एवं कैट वैक्सीनेशन तथा डिवार्मिंग शिविर का आयोजन राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में किया गया।

चिकित्सालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय मंडोवरा ने बताया कि इस तरह के प्रथम स्वास्थ्य रक्षण शिविर का आयोजन लायंस क्लब बहरोड़ के सहयोग से किया गया जिसमें डॉग्स एवं केट्स को जूनोटिक एवं संक्रामक जानलेवा बीमारियों डिस्टेंपर, हेपेटाइटिस, लेप्टोस्पायरोसिस, परवो वायरस , पैरा इन्फ्लूएंजा एवं रेबीज बीमारी से बचाव हेतु चालीस पशु पालकों के पैंतीस पैट्स एवं स्ट्रीट डॉग्स को डीएचएलपीपीआई एवं 27 डॉग्स को एंटी रेबीज वैक्सीनेशन किया गया तथा पचास डॉग्स एवं केट्स को डिवार्मिंग औषधि का निःशुल्क वितरण किया गया ।

कार्यक्रम में पशुपालक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें पशु पालकों एवं पशु प्रेमियों को पेट एनिमल्स के टीकाकरण एवं डिवार्मिंग से संबंधित जानकारी दी गई एवं हेल्थी पेट पेरेंटिंग में इसके महत्व के बारे में बताया गया।चिकित्सालय स्टाफ द्वारा इस नेक कार्य में सहयोग के लिए लायंस क्लब अध्यक्ष का साफा पहनाकर , उपर्णा ओढ़ाकर एवं सम्मान प्रतीक भेंटकर स्वागत किया,साथ ही उपस्थित लायंस क्लब सदस्यों का प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया ।कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष पमित यादव,सचिव महेश पारीक,कोषाध्यक्ष उमेश लवानिया, सेवा सप्ताह मुख्य संयोजक लायन सत्यनारायण अग्रवाल,डॉ जेआर राव,मनोज शर्मा, बृजराज सिंह चौहान,प्रोफेसर हरिप्रसाद अग्रवाल, कमल शर्मा,अशोक खंडेलवाल,थानाधिकारी विक्रांत शर्मा तथा चिकित्सालय स्टाफ से उपनिदेशक डॉ राजेश यादव,डॉ राजकुमार,खुशेंद्र मेहरा,सुरेश सिंघाडिया,अरविंद यादव,रेखा यादव,आशा ,भगवती देवी,महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे ।

अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत अब तक 40 हजार से अधिक खिलाडियोंने कराया रजिस्ट्रेशन

## केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर सांसद खेल उत्सव 2025 के संबंध में की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में शनिवार को शांतिकुंज में अलवर सांसद खेल उत्सव-2025 के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी खेल प्रतिभाओं को विभिन्न खेलों के लिए अच्छा प्लेटफार्म मिला है, जिससे संसदीय क्षेत्र में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार हुआ है।

उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव का उद्देश्य से युवाओं को शारीरिक रूप से फिट रखने के साथ चरित्रवान बनाते हुए उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाना है, ताकि अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) के अवसर पर अलवर सांसद खेल उत्सव 2025-26 के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ, जिसके तहत 10 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन कराए जा सकते हैं। जिसमें आज दिनांक तक 40 हजार से अधिक खिलाडियों ने रजिस्ट्रेशन किया है, जो अलवर सांसद खेल उत्सव के पहले संस्करण के रजिस्ट्रेशन से 5 गुणा अधिक है। उन्होंने कहा कि अलवर टाइगर मैराथन जिले को पर्यटन की दृष्टि से उभारने का कार्य करेगी। उन्होंने उपस्थित जन से अपील की कि अपने क्षेत्र के खिलाडियों को अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए प्रोत्साहित करें। केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने खेल संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापार संगठन के पदाधिकारियों, प्रबुद्ध नागरिकों से अलवर सांसद खेल उत्सव के संबंध में अमूल्य सुझाव लेकर इन पर सकारात्मक रूप से अमल करने को कहा।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया व फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरणा लेकर अलवर में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए अलवर सांसद खेल उत्सव को प्रारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार खेलों की मजबूती के लिए खेलों के इको सिस्टम को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि खेल सदियों से हमारी परंपराओं में जुड़े रहे तथा खेलों के माध्यम से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि युवा खेल नीति नई शिक्षा नीति के साथ जुडक़र देशभर में खेल भावना को विकसित करेगी। उन्होंने अलवर सांसद खेल उत्सव को युवा खेल नीति को आगे बढ़ाने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव संसदीय क्षेत्र के खिलाडियों के लिए खेल को व्यवसाय के रूप में अपनाने का प्लेटफॉर्म बनेगा।

नौकरी से बेहतर है आप किसी को नौकरी दें,सोशल मिडिया घर सुधारने के लिए, पर घर बिगड़ रहा

## नशा मानव की दशा और दिशा बदल देता है उससे बचें-विश्नोई

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने शनिवार को बानसूर नगर पालिका क्षेत्र में अपने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने अपने विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान बताया कि विद्यार्थी सिर्फ नौकरी पाने के लिए शिक्षा ग्रहण नहीं करें बल्कि अन्य बेरोजगार लोगों को रोजगार देने का मादा अपने आप में पैदा करें। उन्होंने राजकीय देवनारायण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बानसूर के प्रांगण में यह बात कही। हम इस बात की पुष्टि नहीं करते !जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने क्षेत्र के नामचीन शिक्षा हब आरसीआई के प्रांगण में विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आने वाली छात्राओं से कहा कि आप बहन-बेटी और पोटीयां भी हो सकती हैं !आप मोबाईल फोन का कम से कम उपयोग करो।विश्नोई ने कहा कि मेरी बहन बेटी यदि कोई कार्य अपनी शिक्षा और चिकित्सा के दौरान किसी चिकित्सक के बिना बताए औषधि का इस्तेमाल करती है तो वह मेरी स्वयं की गलती है !उसका कारण पारिवारिक परिवर्तन यानी कोई किसी पर कोई ध्यान नहीं दे रहा !विश्नोई ने कहा कि यदि एक मजदूर और किसान सिर्फ इसीलिए घर बैठा रहें कि वह अपने बच्चों को शिक्षा देगा तो वह काम करने नहीं जाएगा तो उनका पेट कौन भरेगा !पढ़ाएगा कौन !सिखाएगा कौन !इसलिए सावधान रहिए और सुरक्षित रहिए !उन्होंने सडक़ मार्ग पर चलने की पूर्व जानकारी को गलत बताते हुए कहा कि जब आपको पैदल चलना हो तो सडक़ किनारे हमेंशा दांई और चले !छात्राओं को बताते हुए कहा कि लक्ष्मण रेखा को पार नहीं करें !सोशल मिडिया का प्रयोग करें पर किसी अजनबी को ओटीपी नहीं बतावें !कार्यकारी वृतांधिकारी मुकेश जोशी ने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा बताई गई बात की विद्यार्थी पालना जरूर करें। बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक ने कहा कि विद्यार्थी जितना समय मोबाईल पर गुजारते हैं उतना समय खेल में गुजारें जिससे नशे की बुरी दशा अपने आप हो जाएगी।

बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक ने कहा कि नशा किसी भी तरह का हो उसे नशे से ही उतारा जा सकता है। नशा मद, गाँजा अफीम अन्य प्रकार का कोई भी हो नशा हो उतारा जा सकता है।

झालावाड़ • अंता • बारां • रावतभाटा • भवानीमण्डी • केशोराय पाटन • कपासन • रामगंजमण्डी

## एक साथ प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 3 की टिकट खिड़कियां चलाना संभव नहीं



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/रामगंजमंडी(प्रमोद राठौर)।** आठ महीने के लंबे इंतज़ार के बाद ट्रायल बेस पर शुरू हुई प्लेटफ़ॉर्म नंबर 3 की टिकट विंडो महज़ पाँच दिन चलने के बाद ही बंद कर दी गई। रेलवे प्रशासन ने इसका कारण स्टाफ़ की कमी बताया है, जिससे यात्रियों की उम्मीदों पर फिर पानी फिर गया है। स्टेशन अधीक्षक जे. पी. मीणा ने कहा कि यदि प्लेटफ़ॉर्म नंबर 3 की टिकट विंडो चालू रखते हैं तो प्लेटफ़ॉर्म नंबर 1 की मुख्य टिकट खिडक़ी बंद करनी पड़ती है। सीमित स्टाफ़ के कारण दोनों खिड़कियों को एक साथ संचालित करना संभव नहीं है। इसी वजह से फिलहाल प्लेटफ़ॉर्म नंबर 3 की विंडो बंद रखी गई है। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि विंडो शुरू होने से उन्हें प्लेटफ़ॉर्म नंबर 1 तक जाकर टिकट लेने और फिर पुल पार करने की मशक्कत से राहत मिली थी। लेकिन दोबारा बंद होने से महिलाएँ, बुजुर्ग और बच्चों के साथ यात्रा करने वाले यात्री फिर से कठिनाई में पड़ गए हैं। रेल मंडल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य मुकेश कुमार श्रृंगी ने कहा कि यह टिकट विंडो यात्रियों की वर्षों पुरानी मांग और लंबे संघर्ष का नतीजा थी।

उन्होंने कहा कि पाँच दिन बाद बंद होना बेहद निराशाजनक है और रेलवे प्रशासन को जल्द से जल्द स्टाफ़ की कमी पूरी कर स्थायी रूप से टिकट विंडो शुरू करनी चाहिए।

## बैठक में विजयदशमी उत्सव एवं संचलन की तैयारियों पर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा विजयदशमी उत्सव व संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले संचलन के नियोजन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। विभाग कार्यवाहिका बृजेश वैष्णव ने बताया कि संचलन की व्यवस्थाओं के लिए सभी बहनों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। विजयदशमी उत्सव एवं संचलन का आयोजन दशहरा मैदान, झालर बावड़ी, चारभुजा में किया जाएगा, जहां प्रातः 9.30 बजे एकत्रीकरण होगा। शस्त्र पूजन के साथ उत्सव का शुभारंभ किया जाएगा, तत्पश्चात बौद्धिक कार्यक्रम के बाद संचलन प्रारंभ होगा। यह संचलन दशहरा मैदान से शुरू होकर मुख्य मार्ग, बप्पा रावल चौराहा, एनटीसी सुभाष सर्कल होते हुए पुनः दशहरा मैदान पर संपन्न होगा। बैठक में राजकुमारी चौहान, मनभरता मीणा, कुमोद कंवर, सुशीला मोहनपुरिया, सीमा व्यास, प्रतिभा सोनी, कृष्णा गुप्ता, विष्णु कांत विजयवर्गीय, रजनी सेन एवं अनुपमा सामरवाल सहित अन्य बहनों को संचलन को सफल बनाने की जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

## ग्रामीण एसपी का जनसुनवाई शिविर:लोगों से सीधा संवाद कर मौके पर हो रहे समाधान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.सं.)।** दीगोद उपखंड क्षेत्र के सिमलिया में कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ग्रामीण एसपी ने जनसुनवाई की। क्षेत्र के सिमलिया पुलिस थाने में आयोजित हुआ जनसुनवाई शिविर में ग्रामीण एसपी ने ग्रामीणों खुली चर्चा की ग्रामीणों की समस्याओं व परिवाद को मौके पर समाधान के निर्देश दिये। वहीं लोगों ने ऐसी जनसुनवाई अभियान पहली बार देखने की बात कही जिसमें सीधे पुलिस अधीक्षक के साथ अपनी बात कहने का मौका मिल रहा है। एस पी सुजीत शंकर ने कोटा ग्रामीण पुलिस के परिवाद हेल्पलाइन नम्बर 8764520202 को भी बेफिक्र उपयोग करने की अपील की। सिमलिया थाना एसएचओ सुरेश शर्मा मौके पर मौजूद रहे।

## कोटा कलेक्टर ने जेके लोन अस्पताल की देखी व्यवस्थाएंः व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.सं.)।** जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया ने कोटा के सबसे बड़े मातृ एवं शिशु अस्पताल जेके लोन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई कमियां सामने आने पर सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने मरीजों और तीमारदारों के लिए वेटिंग हॉल में कुर्सियां लगाने, ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने, कॉरिडोर में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने के साथ अस्पताल परिसर और वार्डों में नियमित सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को भवन मरम्मत एवं निर्माण कार्यों में गति लाने और मेंटेनेंस कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना और जेके लोन अधीक्षक डॉ. निर्मला शर्मा भी मौजूद रहीं।

सामरिया ने कहा कि जेके लोन अस्पताल कोटा संभाग का ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश सीमा तक के मरीजों के लिए भी प्रमुख केंद्र है। ऐसे में यहां की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुरानी बजट घोषणाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई है और सभी अधिकारियों को अस्पताल की व्यवस्थाएं शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कलेक्टर ने पंचायतों में लगाया जनसुनवाई शिविर

बढ़ता राजस्थान

कोटा/दीगोद। कोटा के दीगोद क्षेत्र के बुढादित मे कोटा जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने क्षेत्र के टाकरवाडा ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर में भाग लिया। शिविर मे कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण करने व वाजिब मांगो पर कार्य करने के निर्देश जारी किये। वहीं क्षेत्र के मदनपुरा ग्राम पंचायत में भी जनसुनवाई शिविर लगाया गया। मोके पर मदनपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में जिला कलेक्टर ने अपने हाथों से टीबी मरीजों को निश्चय पोषण किट बांटे।

मंत्री ने बच्चे से कहा डरना मत! गड़बड़ी दिखे तो सीधा मुझे मेरे नंबर पर फोन कर देना

# ईदलपुर के स्थानीय शिक्षक पर निर्माण सामग्री चुराने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/सांगोद(विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शनिवार को मोरु कलां, लोढाहेड़ा, दिल्लीपुरा और दीगोद के ग्राम सेवा शिविरों का अवलोकन करने पहुंचे। इसके बाद नागर ने गुरायता, बोरीना खुर्द, तरकस्या, विजयपुर, कुदैत, कोटडी, घानाहेड़ा, लक्ष्मीपुरा गांव में ग्राम चौपाल कर जनसंवाद किया।

### ठेकेदार को ब्लेक लिस्ट करने के निर्देश

इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने दिल्लीपुरा में लगे शिविर का अवलोकन किया तो ग्रामीणों ने स्कूल बिल्डिंग के जर्जर होने और ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कराए जाने की शिकायत की। जिस पर ऊर्जा मंत्री नागर स्कूल भवन का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां स्कूल भवन का फर्श जगह जगह से उखड़ा हुआ मिला। वहीं दीवार में भी दरारें मिली। मंत्री नागर ने टाइल उखड़वाई तो बड़े बड़े गड्ढे मिले। जिन पर ठेकेदार ने लीपापोती कर रखी थी। ग्रामीणों ने बताया कि आज तक भवन की स्थिति को देखकर कमरों में छात्र छात्राएं नहीं बैठे हैं। जर्जर भवन की स्थिति को देखकर मंत्री नागर ने अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को फोन कर फटकार लगाई। मंत्री नागर ने निर्माण करने वाली संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने एवं वसूली करने के आदेश दिए। उन्होंने फोन पर कहा कि सारी वस्तुस्थिति की जानकारी मुख्यमंत्री को दूंगा।



स्कूली छात्रा को मोबाइल नंबर देते ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर।

### शिक्षक चुरा ले गया निर्माण सामग्री

इससे पहले शुक्रवार देर रात ईदलपुरा पहुंचने पर भी ऐसा ही मामला सामने आया था। जहां ग्रामीणों ने स्थानीय शिक्षक पर स्कूल नहीं आने का आरोप लगाया था। ग्रामीणों ने स्कूल शिक्षक पर विद्यालय भवन का मलबा चुराकर अपने घर ले जाने की शिकायत की थी। गांव वालों ने स्कूल छत की पट्टियां और पत्थर ले जाने का लगाया था। जिसके बाद ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने स्कूल शिक्षक को तलब कर फटकार लगाई थी। ऊर्जा मंत्री नागर ने शिक्षक को निर्माण सामग्री वापस लाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने सामग्री वापस नहीं लाने पर शिक्षक के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए। वहीं शिक्षक को रोजाना समय पर स्कूल आने के लिए भी पाबंद किया। मंत्री नागर ने शिकायत करने के लिए आए स्कूली बच्चों को अपने फोन नंबर दिए। उन्होंने कहा कि दोबारा कोई शिकायत आए तो सीधे फोन कर देना। इस दौरान मंत्री नागर ने कहा कि हर गांव स्वच्छ होना चाहिए। कहीं पर भी कीचड़ बर्दाश्त नहीं होगा। स्कूलों में शिक्षा को लेकर किसी प्रकार की कोई लापरवाही की गई तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी।



जर्जर स्कूल भवन को देखते ऊर्जा मंत्री नागर।

## तालेड़ा में सकल जैन समाज ने किया आईजी राजेंद्र गोयल और एसपी राजेंद्र मीणा का नागरिक अभिनंद

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** इंडी जिले के तालेड़ा में शनिवार को कोटा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजेंद्र गोयल और बूंदी जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेंद्र मीणा का सकल जैन समाज द्वारा भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया।

यह अभिनंदन तालेड़ा के पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित किया गया। आईजी गोयल और एसपी मीणा, जो यहां जनसुनवाई कार्यक्रम के लिए आए थे, उन्होंने मंदिर में भगवान पारसनाथ की प्रतिमा के दर्शन किए और समाज के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान सकल जैन समाज के बंधुओं ने पुलिस अधिकारियों का शॉल और माला पहनाकर स्वागत किया।अभिनंदन समारोह के दौरान समाजबंधुओं ने आईजी गोयल के समक्ष क्षेत्र से जुड़ी अपनी समस्याएं और सुझाव भी रखे, जिस पर आईजी ने ध्यानपूर्वक सुनवाई की।



इस अवसर पर जैन समाज के पदम जैन, एडवोकेट अनिल जैन तालेड़ा, अजीत जैन, जय कुमार जैन, सुरेश जैन बल्लोप, मनोज जैन आदिनाथ, जितेंद्र जैन, संपत जैन, सुमित जैन, शांतिलाल जैन, धन्नालाल जैन, लोकेश जैन, विकास जैन सहित कई गणमान्य समाजबंधु मौजूद रहे। समाज ने इस आयोजन के माध्यम से पुलिस प्रशासन के प्रति अपना सम्मान और सहयोग व्यक्त किया।

## मनीषा कुमावत ने फिर लहराया राष्ट्रीय स्तर पर बूंदी का परचम, राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले के केशोरायपाटन राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजराजेश्वर रोड, केशोरायपाटन की अध्यापिका मनीषा कुमावत ने एक बार फिर से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए बूंदी जिले और केशोरायपाटन ब्लॉक का नाम रोशन किया है।

उन्हें आगामी 5 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष में चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

संस्थान के आईटी मैनेजर सर्वेश तोमर ने बताया कि 5 अक्टूबर को होने वाले इस समारोह के लिए संपूर्ण राष्ट्र से लगभग 36 शिक्षकों का चयन उनके विभिन्न नवाचारों, उल्लेखनीय कार्यों और उत्कृष्ट सेवाओं के आधार पर किया गया है।



अध्यापिका मनीषा कुमावत को यह प्रतिष्ठित सम्मान विशेष रूप से शिक्षा में नवाचार, बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय प्रयासों और उत्कृष्ट शैक्षिक परिणामों के लिए प्रदान किया जा रहा है। यह सम्मान समारोह मेडिसिटी हॉस्पिटल परिसर, बड़ोत, उत्तर प्रदेश में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा।

गौरतलब है कि राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित अध्यापिका कुमावत इससे पूर्व भी अनेक राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान प्राप्त कर बूंदी जिले का गौरव बढ़ा चुकी हैं। उनके इस नवीनतम चयन से विद्यालय परिवार और पूरे जिले में हर्ष का माहौल है।

आमजन को मिलेगी साइबर सुरक्षा और अभियानों की जानकारी

# कोटा पुलिस ने 132वें राष्ट्रीय दशहरा मेले में हेल्प डेस्क शुरू की

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** 132वें राष्ट्रीय दशहरा मेले में आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए कोटा शहर पुलिस द्वारा पुलिस हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक कोटा रेंज ने किया। जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि यह पहल आमजन को पुलिस अभियानों एवं सहायता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी व नियति शर्मा के नेतृत्व में, वृत्ताधिकारी प्रथम योगेश शर्मा और किशोरपुरा थानाधिकारी भूरी सिंह के सहयोग से यह डेस्क स्थापित की गई है।



हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिस बल आगंतुकों को पुलिस की कार्यप्रणाली, साइबर सुरक्षा, ऑपरेशन गरुड़व्यूह, सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्य व अन्य सामुदायिक अभियानों की जानकारी देगा। मेले में आने वाले आगंतुक किसी भी समस्या के समाधान हेतु पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) के नंबर 0744-2350777, 2350778 पर 24&7 संपर्क कर सकते हैं। कोटा पुलिस ने शांति समिति सदस्य, सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी और पुलिस मित्रों को भी इस अभियान से जोड़ा है।

### हिस्ट्रीशीटर 280 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार

**कोटा (विनोद गौड़)।** जिला पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौत्तम के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन गरुड़व्यूह के तहत पुलिस थाना नान्ता ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। घटना क्रम -3 अक्टूबर 2025 को थाना नान्ता थानाधिकारी उप निरीक्षक नवल किशोर शर्मा मय जाप्ता गश्त करते हुए जय अम्बे कॉलोनी के पास पहुंचे। तभी एक व्यक्ति पुलिस को देखकर पीछे मुडक़र जाने लगा। संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम ने पीछा कर उसे डिटेन किया। तलाशी में आरोपी के लोअर की जेब से काले रंग की पॉलिथीन में 280 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

## डॉ. सतीश शर्मा विश्व ब्राह्मण संगठन के प्रदेश संयोजक (विदेश प्रकोष्ठ) बने

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** विश्व ब्राह्मण संगठन (पंजीकृत) ने बूंदी निवासी डॉ. सतीश शर्मा को संगठन के महत्त्वपूर्ण पद प्रदेश संयोजक (विदेश प्रकोष्ठ) पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक 'अलवर वाले' ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सागर चंद्र शर्मा की सहमति से की है।

प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने बताया कि डॉ. सतीश शर्मा को यह निर्देश दिए गए हैं कि वह शीघ्र ही राजस्थान में विदेश प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी की घोषणा करें। उनका मुख्य कार्य राज्य से जुड़े उस ब्राह्मण वर्ग के हितों के लिए कार्य करना होगा, जो वर्तमान में विदेश में निवास करता है या जिनका विदेश से किसी न किसी रूप में संबंध है। डॉ. शर्मा की नियुक्ति पर सामाजिक कार्यकर्ता और कोटा संभाग प्रभारी पुरुषोत्तम पारीक और बूंदी जिला अध्यक्ष पंडित मनोज जोशी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। संगठन का मानना है कि इस नियुक्ति से विदेश में रहने वाले ब्राह्मण समुदाय को एकजुट करने और उनके हितों की रक्षा के प्रयासों को बल मिलेगा।



आत्मनिर्भर भारत संकल्प पत्र का विमोचन

# अटल जी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार कर रहे हैं मोदीः संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कोटा की ओर से आत्मनिर्भर भारत विषय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गयी।

विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की नींव रखी उनके उस स्वप्न को वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार करने का कर रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी ने विकसित राष्ट्र के लिए सृदढ़ आधारभूत संरचना की आवश्यकता को समझा और स्वर्णिम चतुर्भुज योजना बनाकर देश के चारों कोनों के बड़े छोटे 28 शहरों को फोर व सिक्स लेन के राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ दिया। नॉर्थ साउथ ईस्ट वेस्ट कॉरीडोर भी उन्होंने ही शुरू करवाया। देश का पहली मुम्बई पुणे एक्सप्रेस वे अटल बिहारी जी के काल में ही बन सका। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना बनाकर गांव-गांव तक विकास को पहुंचाया।

विधायक शर्मा ने आरोप लगाया कि इसके बाद 2004 से 2014 तक मनमोहन सिंह की सरकार में आधारभूत ढांचे के विकास के लिए कोई विशेष कार्य नहीं करवाए गए। मनमोहन सिंह सरकार घोटाले के लिये जानी जाती है। यूपीए सरकार की अदुर्रदर्षिता की नीतियों के कारण देश के विकास की गति कम हुई।




जबकि मोदी सरकार गठन के साथ ही अटल जी के काम को आगे बढ़ाते हुए 2047 तक विकसित भारत के लिए दृढ़ योजना का खाका पेश करते हुए काम शुरू किया।देश हाई स्पीड ट्रेन, के साथ स्टेशन व नये इलेक्ट्रिक ट्रैक का विस्तार तेजी से हो रहा है।आज दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पावर प्लांट भारत में लग रहा है। इस अवसर पर शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत न केवल देश में घरेलु उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई गई है साथ ही स्वदेशी उत्पादों को खरीदने के लिए भी आम जन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वदेशी अपनाओ संकल्प पत्र का विमोचन भी किया गया।

पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता, पंडित गोविन्द शर्मा एवं भाजपा मीडिया संपर्क विभाग प्रदेश सहसंयोजक अरविंद सिसोदिया मंचासीन रहे। अतिथि स्वागत जिला महामंत्री रितेश चित्तौडा, शैलेन्द्र ऋषि, अभियान के सहसंयोजक जितेंद्र खजाँची, राजेंद्र गुप्ता एवं प्रवक्ता प्रणय दुबे ने किया। इस दौरान प्रवक्ता जगदीश मोहिल, अमित सेन, महेश आहूजा, अनिल जैन और युवा प्रमुख रोहित चंदेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मुख्य सचेतक पहुंचे भुसावर, पंडित किशोरी लाल भारद्वाज के साथ धूतवारी स्थित हनुमान मंदिर पर की पूजा अर्चना



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग शनिवार 4 अक्टूबर को भुसावर पहुंचे, जहां उन्होंने विख्यात पंडित एवं शिक्षाविद किशोरी लाल भारद्वाज के 89 में जन्म दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में धूतवारी स्थित क्षेत्र के प्राचीन और प्रसिद्ध कुट्टी वाले हनुमान जी के दर्शन और पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा, विजय भारद्वाज, एडवोकेट देवेंद्र पाठक, आरएसएस के पदाधिकारी सुशील भारद्वाज, भोजराज भारद्वाज, हेमंत भारद्वाज, अरविंद भारद्वाज, टूटन नीमली , अंकित भारद्वाज, पवन भारद्वाज चिन्टू पाठक सहित कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## धौलपुर से शुरू हुआ 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान'



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर में भाजपा ने शनिवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की शुरुआत की। अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें स्वदेशी उत्पादों और जीवन मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा। सेवा पखवाड़े के प्रदेश संयोजक व पूर्व सांसद डॉ.मनोज राजौरिया ने जिला भाजपा कार्यालय से अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। इसके लिए 140 करोड़ भारतीयों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेना होगा, जिससे भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

## वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत बाघ मेला का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन धौलपुर जिले में विविध जनजागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में वन विभाग ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, धौलपुर में टाइगर वॉच संस्थान के सहयोग से बाघ मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को वन्यजीवों की फोटोग्राफ प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही निबंध लेखन, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में धोलपुर करौली टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र में स्थित रा.उ.मा.वि. सेवर पाली में ्रस्नष्ठ की सहायता से संचालित क्रस्नक्चष्ठक्क योजना के अंतर्गत निबंध लेखन, चित्रकला एवं चित्र पहचान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

साथ ही ग्राम सोने का गुर्जा में श्वष्ठष्ट की बैठक कर स्थानीय समुदाय को वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा संरक्षण से जुड़ी भ्रांतियों का निवारण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम झिरी, सेवर पाली एवं सोने का गुर्जा में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन एवं मानव-प्रकृति सहअस्तित्व का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, युवाओं एवं ग्रामीण समुदाय में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में सहभागिता बढ़ाने तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना सुदृढ़ करने का सफल प्रयास किया गया। उल्लेखनीय है कि 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

## पतोला के पति का जारी हुआ मृत्यु प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** सरकार की मंशानुरूप संवेदनशील और सजग होकर आमजन को आयोजित हो रहे सेवा शिविरों में त्वरित राहत मिल रही है एवं आमजन को योजनाओं की प्रगति व सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। शिविरों के माध्यम से आमजन को विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति भी मिल रही है। विभागीय कार्मिकों द्वारा आमजन को सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुद्धा का पुरा ग्राम पंचायत नौरहा की निवासी पतोला के पति गुलकन्दी पुत्र छोटेलाल का देहान्त बीस नवंबर 2007 को हुआ था।

अटल सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत नौरहा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पतोला, द्वारा अपने स्वर्गीय पति गुलकन्दी पुत्र छोटेलाल के मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु आवेदन किया गया। जिसकी कार्यवाही में मौके पर जाँच पड़ताल कर पंचनामा बनवाया गया। जिसके आधार पर सभी अधिकारियों से सत्यापन करवा कर अनुज्ञा तहसीलदार के द्वारा जारी किया जिसका अनुपालना में प्रार्थीया के पति गुलकन्ही पुत्र छोटेलाल का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करके प्रार्थीया बहुत प्रसन्न हुई तथा राज्य सरकार के इस अभियान की तारीक करके सभी का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा ग्रामीण सेवा शिविर में गई जहाँ सभी अधिकारी एक छत के नीचे मिलने से मृत्यु प्रमाण का सत्यापन शीघ्र हो गया जिससे ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा मेरे पति का मृत्यु-प्रमान का जारी हो गया जिसके लिए मैं सभी का धन्यवाद देती हूँ।

**त्योहारों से पहले धौलपुर जिले की पुलिस हुई अलर्ट**

# एस पी ने क्राइम मीटिंग में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और गश्त बढ़ाने के दिए आदेश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर एस पी विकास सांगवान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग की। बैठक में लंबित प्रकरणों, जिले की कानून व्यवस्था और पुलिस मुख्यालय व जिला स्तर से चलाए जा रहे विशेष अभियानों की समीक्षा की गई।

### गश्त और नाकाबंदी बढ़ाने का निर्देश

एसपी ने महिला अत्याचार और कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराधों में कमी लाने के लिए ठोस कदम उठाने और नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आगामी त्योहारों के दौरान अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी गश्त और नाकाबंदी करने के निर्देश दिए गए।



गंभीर मामलों की थानावार समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण करने की हिदायत भी दी गई। इस गोष्ठी में वृत्ताधिकारी धौलपुर मुनेश मीणा, वृत्ताधिकारी मनियां राजेश शर्मा, वृत्ताधिकारी सैंपऊ अनूप सिंह, वृत्ताधिकारी बाड़ी महेंद्र कुमार, वृत्ताधिकारी सरमथुरा नरेंद्र मीणा सहित जिले के सभी थानाधिकारी मौजूद रहे। एसपी सांगवान ने करवा चौथ, दीपावली और गोवर्धन पूजा जैसे आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ई-साक्ष्य, ई-सम्मन, ई-एफआईआर, अपराधियों के फिंगर प्रिंट लेने और प्रकरणों में चालान /एफआर की स्थिति पर विशेष चर्चा की।

### लंबित मामलों के निस्तार पर दिया जोर

उन्होंने केस ऑफिसर स्कीम में चयनित मामलों की थानावार समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण, अपराध पर नियंत्रण, सडक़ दुर्घटनाओं में कमी और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गंभीर प्रकृति के अपराधों का शीघ्र खुलासा करने और पिछले वर्षों की तुलना में अपराध रोकथाम को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया गया।



## जिला प्रशासन कई हादसों के बाद चेता प्रशासन: बारिश से सडक़ों पर हुए गड्ढ़ों को भरने का काम शुरू

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर शहर की सडक़ों में गड्ढों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को पैलेस रोड पर एक ऑटो गहरे गड्ढे में पलट गया। हादसे में ऑटो ड्राइवर सहित एक बुजुर्ग और दो महिलाएं गड्ढे में फंस गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। दैनिक बढ़ता राजस्थान

पर इस घटना की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन ने देर रात से ही गड्ढों को भरवाने का काम शुरू कर दिया। बारिश के बाद से ही धौलपुर शहर की अधिकांश सडक़ों पर गहरे गड्ढ बन गए हैं, जिनमें प्रतिदिन कोई न कोई हादसा हो रहा है। शहर के प्रमुख गुलाब बाग चौराहे पर जलभराव की समस्या को लेकर भी खबर प्रकाशित हुई थी। प्रशासन ने इन समस्याओं के समाधान के लिए रातभर कार्यवाही शुरू कर दी है। जिला प्रशासन के निर्देश पर हाईवे किनारे की सर्विस रोड पर बंद पड़े नालों को खोलने का काम भी शुरू किया गया है। वहीं, शहर की सडक़ों में गड्ढों को भरवाने के लिए गिट्टियां डाली जा रही हैं।

धौलपुर में कई सालों से सडक़ों की मरम्मत नहीं हुई है, जिसके कारण स्थानीय लोग बार-बार प्रदर्शन कर चुके हैं। जलभराव और सडक़ खराबी को लेकर लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी लगातार बढ़ रही है।

## बाड़ी पुलिस ने 10 लाख रुपए का मादक पदार्थ पकड़ा

### बिना नंबर की गाड़ी पर लेकर जा रहा था तस्कर, पुलिस को देखकर की भागने की कोशिश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार शाम गश्त के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बत्तीपुरा चौराहे के पास से पकड़े गए आरोपी के पास से 51.20 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है।

कोतवाली थाने के एसआई हरवीर सिंह और उनकी टीम बत्तीपुरा चौराहे पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक पर जा रहे शख्स को रोकने का प्रयास किया गया। आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से मादक पदार्थ बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान किशन मीणा (25) निवासी थाना सदर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस



आरोपी से स्मैक के पूरे नेटवर्क, इसकी खरीद-फरोख्त के स्रोत और सप्लाई चेन के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर में स्मेक से जुड़े कई मामले सामने आने के बाद पुलिस इस अवैध कारोबार पर लगातार नजर बनाए हुए है।

**लापरवाह अधिकारियों को कलेक्टर का संदेश, झूठ बोलने पर मिलेगी चार्जशीट**

## जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल : अतिक्रमण, बिजली, पानी, जलभराव सहित 63 शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी की शुक्रवार की रात उपखंड के उमरेह ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगी कलेक्टर की चौपाल में ग्रामीणों ने जलभराव, अतिक्रमण, बिजली, सार्वजनिक स्थानों पर कब्जे सहित 63 शिकायतें दर्ज कराई।

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी,जलदाय विभाग के अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की भी कार्य नहीं करने को लेकर शिकायत की। कलेक्टर ने जब मौके पर मौजूद इन विभागों के अधिकारियों से जबाब मांगा तो उन्होंने मौके पर कार्य होने की बात कही। ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने ही इसे झूठा बताया। इस पर जिला कलेक्टर ने सख्त लहजे में अधिकारियों को चेतावनी दिए कि यदि कार्य नहीं हुआ है और वे झूठ बोल रहे है तो जांच के बाद उन्हें



चार्जशीट दी जाएगी। कलेक्टर ने मौके पर सरमथुरा पीडब्ल्यूडी के एईएन के नहीं आने पर नोटिस जारी किया, गांव के सामुदायिक भवन पर कब्जे की शिकायत पर कब्जा हटाने और उसके मरम्मत करने के निर्देश दिए। गांव के एक सार्वजनिक कुएं को भी अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि बाड़ी से उमरेह सहित दर्जनों गांवों को जाने वाली मुख्य सडक़ पर संत नगर के पास बामनी नदी पर पुल का निर्माण कार्य आज शनिवार से शुरू कर दिया जाएगा। इसके बनने पर बामणी नदी में उफान आने पर रास्ता बाधित नहीं होगा। चौपाल के दौरान एक महिला ने सदर थाने पर उसके द्वारा दर्ज कराए मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी को मामले का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर की रात्रि चौपाल में बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी, तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा, नायब तहसीलदार उत्तमचंद बंसल, पंचायत समिति विकास अधिकारी अनिल शर्मा, जलदाय विभाग एक्सईएन देशराज गुर्जर, बिजली विभाग एक्सईएन गोविंद सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत के सरपंच और ग्रामीण जन मौजूद रहे।

**ग्रामीण सेवा शिविर 2025 की सफलता की कहानी**

# आमजन को घर बैठे ही मिल रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** ग्रामीण सेवा सेवर 2025 में आमजन के लिए विशेष लाभ प्राप्त हो रहे हैं जिनके लिए उन्हें तहसील उपखंड कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे वही उन्हें घर बैठे इसका लाभ मिल रहा है। उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा के सानिध्य में आयोजित शिविरों में आम जन को लाभ प्राप्त हो रहे हैं

### नाम शुद्धिकरण से मिल सकेंगे सभी लाभ

मानप्रकाश पुत्र पूरन जाति जाट निवासी कमालपुरा नेचर अक्टूबर 2025 को उनके यहां लगे शिविर में उपखंड अधिकारी को निवेदन किया कि मेरे आधार कार्ड एवं जमाबंदी रिकॉर्ड में नाम की असमानता है जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है?। इस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा मानसिंह पुत्र पूरन के स्थान पर मान प्रकाश पुत्र पुरण किया। इससे लाभार्थी को लाभ हुआ।

### मंगल पशु बीमा का लाभ

राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत दीवली में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया जिसमें लाभार्थी को पशुपालन विभाग की मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत दो दुधारू पशुओं (भैसों) काबीमा निशुल्क 40,000 व 40,000 रुपये का किया गया। इस बीमा योजना के अन्तर्गत दुधारू पशु का निशुल्क अधिकतम राशि 40,000 रुपये का बीमा होता है। यह बीनापशु की मृत्यु के उपरान्त ही देय है।। आज पशुपालन विभाग के अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा उक्त लाभार्थी को शिविर में दुधारू पशु के लिए बीमा पोलिसी का वितरण किया गया।

### बीज मिनी किट (सरसों) भी मिले

ग्राम पंचायत दीवली में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में हेमलता पत्नि महावीर जाति जाट निवासी दीवली ग्राम पंचायत दीवली को कृषि विभाग की बीज मिनी किट (सरसों) वितरण योजनान्तर्गत कृषि विभाग के अधिकारी / कर्मचारियों के द्वारा कृषक को लाभान्वित किया गया है। किसान आने वाले समय में मिनीकिट (सरसों) से लाभान्वित होकर सरसों की बुबाई के दौरान उपयोग कर सकता है व अन्य कृषकों को प्रेरित करेगा।

## जसवंत प्रदर्शनी में 200 से अधिक बच्चों को पिलाई स्वर्णप्राशन ड्राप्स

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय्) ।** आमजन के अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा हेतु राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की श्रृंखला में जसवंत प्रदर्शनी दशहरा मेला में शिविर आयोजित कर 16 साल तक के 200 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क स्वर्ण प्राशन ड्राप्स पिलाई गई।



प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह के निर्देशन में लगाए गए शिविर का शुभारंभ उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित की मौजूदगी में आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ सतीश लवानिया उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा मेला अधिकारी डॉ रामकिशन महावर डॉ वीरेंद्र सिंह डॉ प्रियंक शर्मा द्वारा शिविर में आए बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाकर किया गया। इस अवसर पर शिविर समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा बच्चों को जंक फूड पिज्जा,बर्गर, चाउमिन आदि के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए हरी सब्जियां,ऋतु फलों एवं ताजा खान-पान के महत्व और प्रतिदिन योग व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को नशीली चीजों बीड़ी सिगरेट तंबाकू गुटखा शराब आदि के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में बच्चों को डॉ प्रियंक शर्मा द्वारा योग व्यायाम कराया गया। शिविर में फीमेल नर्स सुनीता कुमारी मेल नर्स कृष्ण पूजन रामवीर सिंह द्वारा सेवाएं प्रदान की गई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मरीजों की सेवा में आगे आए भामाशाह, भेंट की पोषण किट

**चौमहला(आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले की गंगधार तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत किटीया एवं केलुखेड़ा में शुक्रवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। इस शिविर में स्थानीय भामाशाहों ने निक्षय मित्र बनकर कुल 21 टीबी रोगियों को पोषण किटें भेंट कीं, जिससे रोगियों को न केवल मानसिक संबल मिला बल्कि उनके उपचार में पोषण सहायता भी सुनिश्चित हुई।ग्राम पंचायत किटीया में 14 पोषण किटें वितरित की गईं। इस पुनीत कार्य में नलिनी सिस्टर की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके प्रयासों से पोषण किटें एकत्रित की गईं। इस कार्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों, पंचायत सरपंच प्रतिनिधि एवं अन्य समाजसेवियों का सराहनीय सहयोग रहा।वहीं, ग्राम पंचायत केलुखेड़ा में भी सेवा भाव की मिसाल कायम हुई। यहां उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम द्वारा 4 पोषण किटें एवं सीएचओ राहुल कुमार द्वारा भी 4 पोषण किटें प्रदान की गईं। इस तरह केलुखेड़ा में कुल 7 मरीजों को लाभान्वित किया गया।डग ब्लॉक में अब तक कुल 85 टीबी मरीजों को पोषण किटें प्रदान की जा चुकी हैं, जो क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। शिविर के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा पर्यवेक्षक रघुवीर शर्मा ने सभी भामाशाहों और निक्षय मित्रों का स्वास्थ्य विभाग की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल रोगियों को बल देते हैं, बल्कि समाज को एक नई दिशा भी प्रदान करते हैं।

### नारी शक्ति ने दिखाई जागरूकता, शिविर में 23 यूनिट रक्त संग्रहित



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** रक्तदान महादान के संदेश को साकार करते हुए वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय, ब्यावर में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर में कुल 23 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा एवं समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने किया। दोनों ने चिकित्सक दल एवं रक्तदाताओं का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर डॉ. नरेन्द्र पारख ने कहा कि रक्तदान न केवल दूसरों के जीवन को बचाता है बल्कि स्वयं के शरीर के लिए भी शोधन की प्रक्रिया है। इससे नया रक्त बनता है और शरीर स्वस्थ रहता है। प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने कहा कि रक्तदान महादान है — यह हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी बीमारियों से बचाव में सहायक है। हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शिविर के सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रीति शर्मा, रेड रिबन क्लब अधिकारी निधि पंवार, बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा, वरिष्ठ व्याख्याता नितिन साहू, तथा स्काउट लीडर राजकुमारी कुमावत का विशेष योगदान रहा।रक्तदान शिविर में राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर से डॉ. मेघांश, डॉ. करण, निशा कच्छावा, दिनेश कुमार भाटी, आयशा बेनजीर, घनश्याम सिंह, सुनील परिहार, कार्तिक, निशा और कोमल सहित पूरी चिकित्सा टीम मौजूद रही।

### काशीपुरी धाम में हुआ भव्य श्रीश्याम संकीर्तन का आयोजन



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** श्रीश्याम मंदिर काशीपुरी धाम, भीलवाड़ा में भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन हुआ। संकीर्तन सायं 7.15 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चला, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पूरा मंदिर परिसर खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम में संकीर्तनकार निहारिका सोनी (कोटा) एवं जयेश पाटीदार (भीलवाड़ा) ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच से जब भजन ष्ले चलो री मने श्याम दरबार गूँजा तो पूरा पंडाल श्याम-भक्ति में डूब गया। इसके साथ ही श्याम तेरा बड़ा नाम, बड़ा है तेरा दरबार और खाटू वाले के दरबार में आना जरूर रे भाई, जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर बाबा का आकर्षक श्रृंगार पुजारी रविन्द्र शुक्ला एवं पंडित रवि द्वारा किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर प्रांगण में पूरे दिन भक्तों का ताँता लगा रहा और वातावरण हारे के सहारे के जयकारों से गुंजायमान रहा। आयोजन श्री श्याम सेवा समिति, रजि. काशीपुरी, भीलवाड़ा द्वारा किया गया। समिति के सभी कार्यकर्ता तैयारियों और सेवा में तल्लीन रहे। अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष भक्तों को प्रभु श्याम से जोडऩे का माध्यम बनता है। मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि संकीर्तन का सीधा प्रसारण फेसबुक पेज श्री श्याम मंदिर, काशीपुरी भीलवाड़ा पर भी किया गया, जिसे हजारों श्रद्धालुओं ने लाइव देखा। अंत में, भक्त भावविभोर होकर बाबा श्याम का स्मरण करते हुए लौटे और अगली ग्यारस का इंतजार करने लगे।

### अवैध बजरी परिवहन करने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया

**निवाई (का.स.)।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक अवैध बजरी से भरी एक ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि गांव डारडातुर्की से एक अवैध बजरी से भरी एक ट्रॉली व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि दोनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पुलिस थाने में सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया है एवं एमडीआर एक्ट में मालिक व चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

फूल, माला, तेल, अगरबत्ती, काला कपड़ा, लोह धातु आदि पूजन सामग्री अर्पित कर मांगी मनौती

# शनि महाराज आली के दर्शनों के लिए लगी कतारें

**बढ़ता राजस्थान**
**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री शनि महाराज आली तीर्थ स्थल पर शनिवार को न्याय के देवता श्री शनिदेव के दर्शनों का लाभ लेने हेतु भक्तों एवं श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। जानकारी अनुसार उपखंड क्षेत्र कपासन के ग्राम आली स्थित प्रदेश एवं मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री शनि महाराज आली तीर्थ स्थल पर न्याय के देवता श्री शनिदेव के दर्शनों हेतु भक्तों एवं श्रद्धालुओं की दिनभर कतारें लगी रही।जिसमे वृद्ध,महिला,पुरुष,युवा सभी श्री शनिदेव के दर्शनार्थ कतार में लगकर श्री शनिदेव के जयकारों के साथ अपनी बारी का इतंजार करते दिखाई दिये।इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा श्री शनि महाराज आली के दर्शनों से लाभान्वित होने सहित फूल,माला,तेल,अगरबत्ती,काला कपड़ा,लोह धातु आदि पूजन सामग्री अर्पित की। भक्तों एवं श्रद्धालुओं की नवग्रह मंदिर एवं तेल कुंड पर भी भक्तों एवं श्रद्धालुओं की रेलमपेल बनी रही।



### विधायक कोठारी के प्रयासों से शहर में आवागमन होगा सुगम

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधान सभा क्षेत्र में शहर सौंदर्यकरण को देखते विधायक अशोक कोठारी ने संपूर्ण शहर में सडक़ों की मरम्मत के लिए राज्य सरकार से 48 करोड़ की राशि मंजूर करवाई है । विधायक कोठारी ने बताया कि वर्षाकाल में शहर में विभिन्न मार्गों पर गड्ढे हो गए तथा जगह जगह सडक़ें उखड़ गई। ,जनता के आवागमन को सुगम एवं सफर को दुर्घटनामुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार से 48 करोड़ की सडक़ निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के लिए मंजूरी मिली है ,ये सभी सडक़ निर्माण एवं मरम्मत के कार्य स्थानीय निकाय एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा संपादित कराए जाएंगे।

प्रदेशभर के कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का मौन रखा

# कांग्रेसी नेता डूडी का निधन, राजनीतिक जगत में शोक



**बढ़ता राजस्थान**
**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान की राजनीति के दिग्गज और किसान नेता रामेश्वर लाल डूडी का शनिवार को निधन हो गया। कांग्रेस देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के अनुसार, डूडी ने अपने निवास पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बीकानेर की जाट बगीची में दोपहर 1:30 बजे किया गया। बताया गया कि डूडी लंबे समय से बीमार थे और पिछले कई महीनों से कोमा में थे।1 जुलाई 1963 को जन्मे डूडी ने छात्र राजनीति से अपना सफर शुरू किया और धीरे-धीरे प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में शुमार हो गए। वे 1995-1999 में नोखा के प्रधान, 1999-2004 में बीकानेर से सांसद, 2005-2010 में जिला प्रमुख, तथा 2013 में नोखा से विधायक रहे।2014 से 2018 तक वे राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और 2022 में राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन रहे।अपने राजनीतिक जीवन में डूडी ने किसानों की समस्याओं को सदन में मजबूती से उठाया और उत्तर पश्चिम राजस्थान में किसान नेता के रूप में सशक्त पहचान बनाई। उनके निधन से पार्टी ने एक जनसेवी नेता खो दिया है। डूडी के परिवार में उनकी पत्नी नोखा विधायक सुशीला डूडी और एक पुत्र हैं।

#### श्रद्धांजलि दी

जिला ऑब्जर्वर सुखदेव भगत, पीसीसी सचिव डिंपल राठौड़, पूर्व विधायक हंगामीलाल मेवाड़ा (आसींद), पूर्व विधायक राकेश पारीक (मसूदा), पूर्व विधायक सुरेन्द्र गोयल (जैतारण), सोजत विधानसभा प्रत्याशी निरंजन आर्य, तथा पारस पंच जैन ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में शामिल रहे

पूर्व विधायक मानक डाणी, सेवादल प्रदेश महासचिव सोहन मेवाड़ा, सेवादल जिला अध्यक्ष विक्रम सोनी, पूर्व जिला महिला अध्यक्ष राधिका शर्मा, राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल सचिव कल्पना भटनागर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष उर्मिला कंवरिया, पूर्व सभापति मुकेश मौर्य, मुकेश सोलंकी, शांति डाबला, शोभा चौधरी, राजकुमारी तंवर, सुलोचना शर्मा, गंगा रावत, पप्पू काठात, डॉ. अरविंद माथुर, मगन सोलंकी, अशोक मूंदड़ा, हनुमान सांखला, देवकरण शर्मा, मदन मेघवाल, अरुण शर्मा एडवोकेट, रामस्वरूप सेवलिया, आशीष शर्मा, शंभू यादव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया।सभी कांग्रेसजनों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिवारजनों को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन कपासन ने भाजपा अध्यक्ष का स्वागत किया



**कपासन (नि.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन द्वारा नवनियुक्त भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय का स्वागत किया गया। युवा शाखा अध्यक्ष दीनबंधु सोमानी ने बताया कि वैश्य फेडरेशन के सचिव राज विजयवर्गीय को भाजपा कपासन नगर मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर फेडरेशन के सदस्यों द्वारा मेवाड़ी पगड़ी एवं उपरणा ओढ़ा कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर वैश्य फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष गजेन्द्र बाघमार,कपासन शाखा अध्यक्ष अभिषेक दुग्गड़ युवा शाखा सचिव सुधीर विजयवर्गीय,पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश जाजू,निपेश मंडोवरा,अनिल चंडालिया,सीपी सिरोया,अभिनव दुग्गड़,मुकेश सिरोया आदि फेडरेशन के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**बढ़ता राजस्थान, कपासन (नि.स.)** भाजपा नगर मंडल कपासन के नवनियुक्त अध्यक्ष राज विजयवर्गीय का शनिवार को क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माला एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

जानकारी अनुसार भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा जिला चितौडग़ढ़ अध्यक्ष रतनलाल गाडरी द्वारा जिला क्षैत्र के विभिन्न भाजपा मंडलों हेतु नवीन मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गयी।जिसमे भाजपा नगर मंडल कपासन के अध्यक्ष पद पर युवा कार्यकर्ता राज विजयवर्गीय की नियुक्ति होने से क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त हो गया।साथ नवनियुक्त भाजपा नगर मंडल कपासन अध्यक्ष राज विजयवर्गीय का जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,भाजपा एससी मोर्चा के जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिध आशीष सोनी,निवर्तमान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन पंकज सिरोया आदि क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विजयवर्गीय का स्वागत अभिनंदन किया गया।



## दशहरा मैदान से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**निवाई (का.स.)।** दशहरा महोत्सव पर आयोजित मेले में एक बाइक चोरी हो गई। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि शिवाजी कॉलोनी निवासी अमित शर्मा ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है कि वह दशहरा महोत्सव पर आयोजित मेला देखने के लिए 2 अक्टूबर की शाम को दशहरा मैदान में गए था। उसने दशहरा मैदान के पास में स्थित ग्राउंड में बाइक को खड़ा करके रावण दहन कार्यक्रम देखने के लिए चला गया। वापस आकर देखा तो बाइक गायब मिली। उसने आसपास के क्षेत्र में बाइक की तलाशी की एवं आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला।

## कपासन में गर्जना के साथ हुई तेज बारिश

आमजन को गर्मी एवं उमस से मिली राहत

**बढ़ता राजस्थान**
**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र में अचानक हुवे मौसम परिवर्तन से शनिवार को तीव्र मेघ गर्जना के साथ हुई बारिश ने आमजन को गर्मी एवं उमस से राहत प्रदान की।

जानकारी अनुसार कपासन क्षेत्र में जारी उमस एवं गर्मी से बेहाल आमजन को शनिवार को मौसम में हुवे परिवर्तन के चलते हुई बारिश ने राहत प्रदान करने का कार्य किया है।सुबह से दिनभर उमस एवं गर्मी का दौर चला तथा इसके उपरांत सांयकाल समय में अचानक मौसम में परिवर्तन होने से हवाएं,बिजली कडक़ने तथा तीव्र मेघ गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गयी।इस दौरान नगर पालिका कपासन क्षेत्र के मार्ग पानी से लबालब होकर बहने लगे।फल सब्जियों के थैले लगाने वालों ने प्रतिष्ठानों में शरण ली तथा ग्रामीण अंचल से आने वाले ग्रामीणों द्वारा अचानक बारिश होने से अपने आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कर अपने गंतव्य की और प्रस्थान कर गये।यहां अचानक मौसम परिवर्तन से हुई बारिश ने चहुंओर मौसम को ठंडा एवं खुशनुमा बना दिया।जिससे क्षेत्रीय आमजन को गर्मी एवं उमस से राहत मिली।

अतिरिक्त जिला कलक्टर रामावतार कुमावत ने दिए स्वास्थ्य केंद्र में समुचित व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांगरिया का निरीक्षण किया

**बढ़ता राजस्थान**
**शाहपुरा(कमलेश अग्रवाल)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर रामावतार कुमावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांगरिया का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ को प्रोपर ड्रेस में ड्यूटी देने और समय पर आने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने साफ-सफाई की जांच की और डेढ़ माह से बंद पड़ी एक्सरे मशीन को तीन दिन में ठीक करने के निर्देश दिए।अतिरिक्त जिला कलक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साफ-सफाई और आईपीडी- उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई रखने और आईपीडी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार रामदेव धाकड़, बीसीएमओ डॉक्टर एस एन शर्मा, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र शर्मा अधिकारी मौजूद रहे।अतिरिक्त जिला कलक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों की उपलब्धता और साफ-सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## ब्यावर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद को लेकर घमासान

संगठन सृजन अभियान के तहत हुई रायशुमारी

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** झारखंड के सांसद एवं कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक सुखदेव भगत शनिवार को ब्यावर पहुंचे, जहां उन्होंने संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन को लेकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की।

इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली, जिससे कांग्रेस की आंतरिक फूट एक बार फिर सतह पर आ गई।रायशुमारी बैठक में ब्यावर विधानसभा के प्रत्याशी पारस पंच जैन, पूर्व विधायक राकेश पारीक, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, आशीष पाल पदावत, प्रवीण जैन, अजय शर्मा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।पत्रकारों से बातचीत में पर्यवेक्षक सुखदेव भगत ने कहा कि वे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से मिलकर हर ब्लॉक में जाकर फीडबैक लेंगे और इसके बाद अपनी रिपोर्ट एआईसीसी आलाकमान को सौंपेंगे।उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्यावर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति आलाकमान के निर्णय के बाद ही की जाएगी।इस मौके पर कांग्रेसजनों ने संगठन को मजबूत करने और एकजुट होकर आगामी चुनावों की तैयारी करने का संकल्प भी लिया।



# सुमंगल-दीपावली मेला राजस्थान की समृद्ध कला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा आयोजित सुमंगल-दीपावली मेला चतुर्थ दिन भी आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में राजीविका के स्वयं सहायता समूह (स्॥त्र) की महिलाओं द्वारा निर्मित पारंपरिक परिधान एवं वस्त्र, जिनमें राजस्थान की समृद्ध कला, संस्कृति और शिल्प परंपरा का उत्कृष्ट संगम देखने को मिला। प्रदर्शित परिधानों में कॉटन से बने राजपूती सेट, एप्लिक (कटवर्क) सूट, राजपूती पोशाकें, कशिदाकारी दुपट्टे, बांधणी के सूट, साडियाँ और दुपट्टे, एवं अज्रक प्रिंट के सूट एवं दुपट्टे विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अतिरिक्त, ऊन से बने शॉल, जैकेट और स्टोल, पारंपरिक पट्टू और बर्दी शॉल, कॉटन से बने लॉन्ग स्कर्ट, बच्चों के परिधान एवं सूट, बगरू प्रिंट एवं संगानेरी प्रिंट सूट सेट भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इन परिधानों ने न केवल राजस्थान की पारंपरिक शिल्पकला को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, बल्कि ग्रामीण महिला उद्यमिता की सशक्त झलक भी दिखाई। सुमंगल दीपावली मेला 2025 ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करता है। यह पहल स्थानीय शिल्प को प्रोत्साहन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा पारंपरिक परिधानों को नए बाज़ारों तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि सुमंगल-दीपावली मेला 2025 का आयोजन 1 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान (आईजीपीआरएस), जयपुर में किया जा रहा है।

# राजौरिया ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 'वोकल फॉर लोकल'

## त्योहारों में स्वदेशी को बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने कहा कि अभियान के तहत त्योहारों पर स्वदेशी उत्पादों की खरीद-उपयोग की अपील की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर प्रचार करेंगे। राजस्थान में 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' नारे के साथ यह अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत स्थानीय उत्पादों, पर्यटन और डेस्टिनेशन वेडिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा। अभियान की शुरुआत पर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि प्रधानमंत्री का आत्मनिर्भरता का संदेश अब विभिन्न आयामों में गूंज रहा है। भाजपा कार्यकर्ता हर घर पहुंचकर लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र, प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर टोलियां गठित कर दी गई हैं, जो इस अभियान को गति देंगी।

कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के साथ पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी डॉ. शिवचरण कुशवाहा, राजाखेड़ा प्रत्याशी नीरजा शर्मा सहित जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाए गए और उन्हें स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई।

# धौलपुर में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार: 315 बोर का देसी कट्टा जब्त

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर में सदर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक अवैध देसी कट्टा 315 बोर जब्त किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान सचिन (25) पुत्र मुख्तियार, निवासी डल्ला चक्कर का पुरा, थाना सदर धौलपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे विश्नौदा के पास बाड़ी रोड से पकड़ा। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा और वृत्ताधिकारी मुनेश कुमार के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी महेश मीणा के नेतृत्व में टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी सचिन के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 03 (1) और 25 (1) (ए) के तहत प्रकरण संख्या 336/2025 दर्ज किया है। जब्त किए गए कट्टे के संबंध में उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# शुभमन गिल वनडे में भी संभालेंगे भारत की कमान, रोहित शर्मा को टीम मीटिंग में नहीं किया गया शामिल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** भारतीय टीम का आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे और टी20 टीम का स्क्वाड जल्द जारी किया जा सकता है। टीम के ऐलान से पहले एक बड़ी जानकारी सामने आई है कि वनडे टीम की कप्तानी भी टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को सौंपी जा सकती है। इंडियन एक्सप्रेस की जानकारी के मुताबिक रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे टीम का हिस्सा होंगे। मगर कप्तानी गिल के हाथों में जा सकती है।

यह खबर तब और पुख्ता हो जाती है जब यह जानकारी मिली की रोहित को टीम मीटिंग में भी नहीं बुलाया गया है। जबकि हेड कोच गौतम गंभीर और शुभमन गिल इस मीटिंग का हिस्सा थे। गिल को कप्तान बनाने के पीच सोच साफ है कि अब टीम इंडिया को 2027 वर्ल्ड कप के लिहाज से तैयार किया जा रहा है। उनको टीम मीटिंग में शामिल करते हुए निश्चित ही इस बात की जानकारी दी गई होगी।

### बतौर प्लेयर खेलेंगे रोहित और विराट

कप्तान के तौर पर रोहित की जगह शुभमन गिल लेंगे। लेकिन वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों को शामिल किया जाएगा। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी बतौर प्लेयर ही शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतर सकते हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2027 तक यह दोनों खेल पाते हैं या नहीं यह दोनों खिलाड़ियों की वापसी के बाद उनके फॉर्म पर निर्भर करेगा।

### शुभमन का बतौर कप्तान शुभ आगाज

शुभमन गिल ने बतौर कप्तान अभी तक इंटरनेशनल क्रिकेट में खासा प्रभावित किया है। इंग्लैंड दौरे पर उन्हें टीम की कमान सौंपी गई थी। भारत ने 2-2 से इस सीरीज को ड्रॉ करवाया था। उसके बाद भारत में भी वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज का पहला मैच भारत ने पारी और 140 रन से अपने नाम कर लिया। यानी अभी तक बतौर कप्तान 6 टेस्ट में से 3 में उन्हें जीत मिली है एक ड्रॉ हुआ है और दो भारत हारा है। वहीं बतौर कप्तान बल्लेबाजी में भी वह 804 रन 6 टेस्ट मैचों में बना चुके हैं।

### 19 अक्टूबर से शुरू होगी सीरीज

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज का आगाज 19 अक्टूबर से करेगी। दूसरा वनडे 23 अक्टूबर और तीसरा 25 अक्टूबर से खेला जाएगा। इसके बाद 29 अक्टूबर से पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है। टी20 टीम की कप्तानी निसंदेह सूर्यकुमार यादव करेंगे। वहीं हार्दिक पंड्या की चोट के कारण उनके खेलने पर संशय बना हुआ है।

# "छठ के तुरंत बाद कम से कम चरणों में कराएं बिहार चुनाव", राजनीतिक दलों ने EC की बैठक में की मांग

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** बिहार में राजनीतिक दलों ने शनिवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि राज्य में छठ पूजा के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव कराए जाएं, ताकि मतदाताओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिल सके। बिहार में दिवाली के बाद मनाए जाने वाले छठ पर्व का बहुत महत्व है। यह पर्व इस साल 25 से 28 अक्टूबर के बीच मनाया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त एसएस संधू तथा विवेक जोशी के साथ बातचीत में छह राष्ट्रीय और इतनी ही राज्य स्तरीय पार्टियों के प्रतिनिधियों ने कम से कम चरणों में चुनाव कराने पर भी जोर दिया। निर्वाचन आयोग के अधिकारी बिहार में चुनाव से जुड़ी तैयारियों का जायजा लेने के लिए पटना की दो दिन की यात्रा पर हैं। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। पहले चरण का चुनाव छठ के तुरंत बाद अक्टूबर के अंत में होने की संभावना है।

दिवाली और छठ के दौरान, बिहार से बाहर नौकरी करने वाले अधिकांश लोग त्योहार मनाने के लिए घर लौटते हैं और ऐसा माना जाता है कि मतदाताओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव कराने का यह सबसे अच्छा समय है। वर्ष 2020 में, राज्य में पिछला विधानसभा चुनाव कोविड-19 महामारी की छाया में तीन चरणों में हुआ था।

# 'गरिमा और लोकतंत्र के लिए लड़ाई एक जैसी' बोले राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के चार देशों का दौरा कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि आशा की एक सार्वभौमिक भाषा होती है और गरिमा तथा लोकतंत्र के लिए लड़ाई एक जैसी ही है। गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर कोलंबिया और पेरू की अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा कीं राहुल गांधी ने कहा कि कोलंबिया के कोमुनास की जीवंत सड़कों और मेडेलिन विश्वविद्यालय की कक्षाओं से लेकर पेरू के लीमा में छात्रों के साथ भावपूर्ण बातचीत तक, दक्षिण अमेरिका की यह यात्रा गर्मजोशी, आनंद और विचारों से परिपूर्ण रही है।

# बाढ़ प्रभावित पंजाब के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी 5 एवं 6 अक्टूबर को पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार की ओर से किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को समझने तथा राहत कार्यों की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी प्रातः 8:30 बजे नई दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना होकर सुबह 9:40 बजे गुरु रामदास अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अमृतसर पहुंचेंगे। वहां से वे सड़क मार्ग द्वारा गुरदासपुर जिले के दीनानगर जाएंगे।

पूर्वाह्न 11:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी दीनानगर के बाढ़ प्रभावित गांवों—ओगरा, ठाकुरपुर, शमशेरपुर, चौंतरा स्लाच और बेहरामपुर का दौरा करेंगे। इस दौरान भागीरथ चौधरी स्थानीय ग्रामीणों एवं किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा केंद्र सरकार की ओर से राहत और पुनर्वास की प्रतिबद्धता का भरोसा दिलाएंगे। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री चौधरी दीनानगर में बाढ़ प्रभावित लोगों से औपचारिक बैठक करेंगे। रात को वे गुरदासपुर में ही रुकेंगे।

दूसरे दिन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी गुरदासपुर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके उपरांत वे श्री हरगोबिंदपुर साहिब (जिला गुरदासपुर) के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों—हरीचोवाल, रजोया पाटन और ग्रीन लैंड मॉल का निरीक्षण करेंगे तथा प्रभावित ग्रामीणों से भेंट कर उनका हाल-चाल लेंगे।

# वांगचुक की पत्नी ने SC में दायर की थी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका, सोमवार को होगी सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत पति की हिरासत को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट सोमवार को गीतांजलि अंगमो द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करेगा। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन वी अंजारिया की बेंच करेगी सुनवाई। सोनम वांगचुक की पत्नी की तरफ से दाखिल याचिका में आरोप लगाया गया है कि वांगचुक को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पत्नी गीतांजलि को एक हफ्ते से ज्यादा समय से अपने पति के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# जुबिन गर्ग की मौत पर नया खुलासा: बैंड ड्रमर का दावा- साजिश रच कर दिया गया गायक को जहर

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** 'पीटीआई-भाषा' के पास उपलब्ध इस अत्यधिक संवेदनशील दस्तावेज के मुताबिक, नोट में शेखर ने यह भी दावा किया है कि जुबिन की मौत को हादसे के रूप में चित्रित करने की ''साजिश'' थी। जुबिन की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह श्यामकानु महंत और उनकी कंपनी की ओर से आयोजित चौथे पूर्वोत्तर भारत महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए सिंगापुर गए थे। महोत्सव के आयोजक श्यामकानु महंत, जुबिन के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और बैंड के दो सदस्यों-शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। अदालत ने चारों आरोपियों को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। एसआईटी सदस्य और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोजी कलिता के हस्ताक्षर वाले नोट में कहा गया है, ''शेखर ने आरोप लगाया कि शर्मा और महंत ने पीड़ित को जहर दिया था और अपनी साजिश को छिपाने के लिए जानबूझकर विदेश में एक जगह चुनी थी। शर्मा ने जुबिन को नौका के वीडियो किसी के साथ साझा न करने का भी निर्देश दिया था।''

आधिकारिक दस्तावेजों और रिमांड नोट के मुताबिक, शेखर ने बताया कि जब जुबिन समुद्र में डूबने लगे और सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब सिद्धार्थ शर्मा को "जाबो दे, जाबो दे" (जाने दो, जाने दो) चिल्लाते हुए सुना गया। शेखर ने जोर देकर कहा कि जुबिन एक कुशल तैराक थे, जो दूसरों को भी प्रशिक्षण देते थे, ऐसे में उनका डूबना स्वाभाविक नहीं था। रिमांड नोट में कहा गया है- ''गवाह शेखर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-175 के तहत दर्ज किए गए बयान में कहा है कि जुबिन की मौत को 'आकस्मिक मौत' के रूप में दिखाने के लिए एक साजिश रची गई थी। उसने कहा कि शर्मा सिंगापुर के पैन पैसिफिक होटल के कमरा नंबर 3010 में उसके साथ रुके थे और उनका हाव-भाव संदिग्ध था।''

### आरोपियों की गिरफ्तारी और SIT जांच

इस मामले में पुलिस ने जुबिन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, आयोजक श्यामकानु महंत, शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है। अदालत ने सभी को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। असम सरकार ने भी मामले की तहकीकात के लिए न्यायिक आयोग और CID का 9 सदस्यीय SIT गठित किया है।

### जुबिन की पत्नी गरिमा गर्ग की प्रतिक्रिया

गायक की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पुलिस को लौटा दी और कहा कि यह "निजी दस्तावेज" नहीं है, बल्कि जांच एजेंसियों को ही तय करना चाहिए कि इसे सार्वजनिक करना है या नहीं। जब जुबिन की पत्नी गरिमा से गायक को जहर दिए जाने के शेखर के दावे के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सवाल किया कि वह (शेखर) इतने लंबे समय तक चुप क्यों रहे।

### संदिग्ध हालात और नए सवाल

रिमांड नोट में शेखर के हवाले से कहा गया है कि शर्मा ने नाविक से नौका का नियंत्रण जबरन अपने हाथों में लिया, जिससे वह बीच समुद्र में खतरनाक तरीके से डगमगाने लगी और सभी यात्रियों के लिए खतरा पैदा हो गया। इसमें कहा गया, "शेखर ने यह भी दावा किया कि शर्मा ने तन्मय फुकन (प्रवासी भारतीय और असम एसोसिएशन, सिंगापुर के सदस्य) को पेय पदार्थों की व्यवस्था नहीं करने का निर्देश दिया था।

# अमेरिका में हैदराबाद के युवक की हत्या

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** अमेरिका के टेक्सास में एक दुखद घटना में तेलुगु युवक पोल चंद्रशेखर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, चंद्रशेखर पर एक अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति ने पेट्रोल पंप पर काम के दौरान हमला किया। घटना के विवरण के अनुसार, चंद्रशेखर पेट्रोल पंप पर अपनी ड्यूटी निभा रहे थे, तभी हमलावर ने उन पर गोलियां चला दीं। गोली लगने से चंद्रशेखर की मौके पर ही मौत हो गई। चंद्रशेखर हैदराबाद का रहने वाला था। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दुखद घटना ने स्थानीय समुदाय में चिंता और शोक की लहर फैला दी है। अभी तक हत्या के पीछे के कारणों की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस आसपास के CCTV फुटेज और गवाहों से विवरण जुटाकर मामले की गहन छानबीन कर रही है। परिजन ने बताया कि पोल चंद्रशेखर की शुक्रवार रात को डलास (अमेरिका) में बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। परिजन ने सरकार से उसके शव को स्वदेश पहुंचाने में मदद करने का आग्रह किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।